खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, गुरुवार 28 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 10 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़हा के मौके पर सभी देशवासियों को



दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

**अवकाश सूचना**

ईद-उल-अज़हा के मौके पर 28 मई को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा। **-प्रबंधक**

## संक्षिप्त समाचार

### एआई की सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट वापस लौटी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की बुधवार को दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आधे रास्ते से दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई173 तकनीकी खराबी के कारण तय प्रक्रिया के अनुरूप 27 मई को दिल्ली लौट आई। विमान की दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग हुई।

### असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है। हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए।

# अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार: ईरान

## कहा: एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही होगी शुरू, अमेरिका नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।



- **यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर नहीं होगी लागू**
- **होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे**

ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। अमेरिका की तरफ से अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में उसकी अनुमति से 23 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इससे एक दिन पहले 25 जहाजों की आवाजाही की जानकारी दी गई थी। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही उसकी अनुमति से कराई जा रही है। ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी ने अमेरिका-ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है। हालांकि इसमें क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिक और सैन्य ठिकाने शामिल होंगे या नहीं, इस पर अभी बातचीत बाकी है।

# दिल्ली में 45 डिग्री के करीब पहुंचा पारा, येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंचने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।



राजधानी सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली- एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब बना रह सकता है और 28 मई से पहले राहत की संभावना कम है। महीने के अंत तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ इलाकों में आंधी और हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट आ सकती है। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार विदर्भ क्षेत्र देश के सबसे अधिक गर्म इलाकों में बना हुआ है। ब्रह्मपुरी में तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस और नागपुर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने वर्धा, अमरावती और चंद्रपुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और अगले दो दिनों तक गंभीर हीटवेव की चेतावनी दी है।

- **29 मई को राहत की संभावना**

विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कई हिस्सों में भी लू से गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी। पश्चिम राजस्थान और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। तेलंगाना के 10 जिलों में भी हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम और खम्मम जिलों में गंभीर लू चलने की आशंका जताई गई है।

### प्री-मानसून बारिश 5 जून तक संभव

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की वैधता रखी बरकरार

## कहा: यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है।



- **नियमों के अनुसार चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है**

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित -शेष पृष्ठ दो पर

### शीर्ष कोर्ट से अमेजन को बड़ी राहत, सीसीआई की तरफ से लगा 202 करोड़ का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जून 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। आदेश में ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जिसमें 17 दिसम्बर, 2021 के सीसीआई के अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और फ्यूचर ग्रुप के साथ उसके सौदे को निलंबित करने के आदेश को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की पीठ ने कहा कि यदि इन आदेशों के तहत अमेजन से कोई राशि जमा कराई गई है या वसूली गई है, तो उसे 8 सप्ताह के भीतर वापस किया जाए।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने की कवायद

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने तथा उसमें सुधार के उद्देश्य से 25530 करोड़ रुपये की सार्थक जन वितरण प्रणाली 'सार्थक पीडीएस' को बुधवार को मंजूरी दे दी।

- **25530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी**

सार्थक पीडीएस एक व्यापक योजना है जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों की राज्य के भीतर ढुलाई और उचित दर दुकान डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता देना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार योजना (स्मार्ट पीडीएस) को लागू करना शामिल है। सार्थक पीडीएस योजना में 25530 करोड़ की यह राशि पांच वर्ष के लिए जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**Recruitment For Teaching Staff**

Required: Assistant Professor For
- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

Qualification: As per University/UGC Norms.

Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. **Experienced Candidates will be preferred.**

ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur

Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com












## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल: तिवारी

**नई दिल्ल।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने चीन-पाकिस्तान के बढ़ते गठजोड़ को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है और इसका असर देश की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों पर पड़ रहा है। श्री तिवारी ने कहा ष्आज फिर खतरे की घंटी बज गई है। पाकिस्तान और चीन का संयुक्त बयान जारी हुआ है। जिस चीन को हमने पाकिस्तान से दूर रखा हुआ था, मोदी सरकार के 12 वर्षों में दोनों को गले मिला दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि खुद मोदी जी चीन को झूला झुलाते रहे और चीन जाकर पाकिस्तान के पाले में बैठ गया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान चीन ने अपने अखबारों में खुद स्वीकार किया था कि उसने पाकिस्तान के साथ साम. रिक और सुरक्षा मामलों में सहयोग किया।

### घरेलू मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या कम करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने षविमान ईंधन की ऊंची लागत के मद्देनजरष घरेलू के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कंपनी ने जून से अगस्त के बीच चुनिंदा मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, ष्सकल परिचालन पर ईंधन की ऊंची लागत के जारी प्रभाव के कारण ए बदलाव किए गए हैं।ष प्रभावित यात्रियों को दूसरी उड़ानों में बुकिंग, तारीख में बिना शुल्क बदलाव या पूरा रिफंड लेने के विकल्प दिए जाएंगे।

# योगी सबसे असफल सीएम: अखिलेश

## उत्तर प्रदेश में बिजली कटौती पर भड़के सपा मुखिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती को लेकर अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर तंज कसते हुए निशाना साधा और योगी आदित्यनाथ को राज्य का सबसे असफल मुख्यमंत्री बताया। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती को लेकर सियासत गर्म हो गई हैं। समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर से बिजली को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने यूपी में बिजली आपदा के पीछे मंत्री एके सिंह को जिम्मेदार बताया और कहा कि अब भाजपा में करंट नहीं रहा।

अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज कसा और लिखा कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं, तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधों पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी, क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिखकर जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। उत्तर प्रदेश इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, नोएडा, आगरा, मेरठ समेत कई जिलों में बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा हैं। कई जगहों पर तो लोगों ने सड़क पर उतरकर बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किए, जिसके बाद तूल पकड़ लिया है।

# कांग्रेस और राहुल गांधी माफी मांगें: नकवी

नई दिल्ली, वार्ता



- दोनों ने लोकतंत्र को बदनाम किया
- एसआईआर के नाम पर फैला रहे भ्रम कोर्ट के फैसले का सम्मान करें

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेताओं ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल को आत्ममंथन करने तथा लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने अपने फैसले के जरिए उन लोगों को साफ संदेश दिया है जो इस पर सवाल उठा रहे थे और डर तथा भ्रम फैला रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग एसआईआर के बारे में दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार फैला रहे थे, उन्हें न्यायालय के फैसले से कड़ा जवाब मिला है।बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे चुनावों में जनता ने जनादेश के जरिए ऐसे तत्वों को पहले ही नकार दिया है और अब न्यायालय के फैसले के बाद उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एसआईआर भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई कोई नई योजना नहीं है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष कोर्ट के फैसले को स्वागत करते हुए लिखा कि गांधी और कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब! न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक घोषित किया! यह साफ है कि श्री गांधी और कांग्रेस ने शुरू से ही इसका विरोध इसलिए किया, क्योंकि वे भारतीय मतदाताओं के साथ नहीं, बल्कि अवैध घुसपैठियों के साथ खड़े थे। यह सही मायनों में एक 'राष्ट्र-विरोधी कृत्य' था!

### इंडिया गठबंधन का वास्तविक चरित्र सामने आया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय से 'सनातन धर्म विध्वंसक और घुसपैठिया संरक्षक इंडिया गठबंधन' का वास्तविक चरित्र सामने आ गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय ने संविधान सम्मत और चुनाव आयोग के अधिकार के अंतर्गत माना है। इसके साथ ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए इसे आवश्यक माना है। अराजकता अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए।

## आज से बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी से मिलेगी राहत, चलेंगी तेज हवाएं

# यूपी में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बौछारें पड़ने की संभावना, आंधी से पूर्वी यूपी के 3 जिलों में आठ लोगों की मौत

**लखनऊ।** पिछले एक पखवारे से प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उप्र में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं लू तो कहीं तेज आंधी, गरज-चमक, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज शाम को पश्चिमी उप्र में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। वहीं पूर्वी उप्र में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर भीषण लू चलने की चेता. वनी भी जारी की है। 28 मई से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।

पश्चिमी उप्र में 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली आंधी, जो झोंकों में 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, की चेतावनी जारी की गई है।

बीते दो दिनों में आंधी-तूफान और बारिश से लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान इन जिलों में हादसे में 8 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मौसम विभाग ने 28 से 30 मई तक यूपी सहित उत्तर भारत के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर सहित कई जिलों में तूफान के दौरान कई मकानों की दीवार गिर गई। इतना ही नहीं कई जगह तो टीन-शेड के उड़ने की खबरें भी सामने आईं। आंधी-तूफान के दौरान लखीमपुर के कारीबडेरी गांव में आग से 40 घर जलकर राख हो गए। तूफान के इस आतंक से लोगों में अफरातफरी मच गई। इन हादसों में कई लोग हताहत भी हुए हैं। तेज हवाओं से कई जगह बिजली के पोल और पेड़ भी टूट गए, जिससे कई गांवों की बिजली गुल हो गई। गोंडा में मनकापुर-अयोध्या रेल मार्ग पर तेज तूफान से पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हुआ। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने की वजह से यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तूफान थमने पर रेलवे कर्मियों ने रेल मार्ग को साफ कराया, जिससे रेल फिर से चल सकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मची इस हलचल को लेकर संवेदनाएं प्रकट की। मौसम विभाग के अनुसार सिर्फ एक दिन के इंतजार के बाद लोगों को धुआंधार बारिश देखने को मिल सकती है।

### मुजफ्फरनगर समेत 16 जिलों में संभावना

मौसम विभाग ने आज यूपी के तराई वाले इलाकों में बारिश होने के आसार जताए हैं, जिसकी वजह से सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान हैं।

# योगी के तीसरे कार्यकाल को आरएसएस सक्रिय

लखनऊ, वार्ता

- आरएसएस ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

पश्चिम बंगाल चुनावों में सफलता के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अब उप्र में योगी आदित्यनाथ सरकार के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाकर भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रयासों को मजबूती देने पर जोर दिया। संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि समाज में जातिगत भेद मिटाकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जातियों का सम्मान हो और किसी स्तर पर भेदभाव न हो। निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन के प्रवास के दौरान भागवत ने प्रशिक्षण वर्ग में शामिल 289 स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन अपनाने और संघ के काम को बढ़ाने के तरीके सिखाए।

'कुटुंब प्रबोधन' के तहत संघ प्रमुख ने बढ़ते एकल परिवारों की प्रवृत्ति को रोकने और पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की जरूरत बताई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 75867.80
निफ्टी 23907.15

सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 262000 प्रति किलो

# सेंसेक्स दूसरे दिन भी टूटा, निजी बैंकों व वित्तीय कंपनियों पर दबाव

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकों तथा वित्तीय कंपनियों में बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह ऊपर 76,224.68 अंक और नीचे 75,748.21 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक भी 6.55 अंक यानी 0.03 फीसदी उतरकर 23,907.15 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद हुए हैं। वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.08 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत ऊपर रहा। बैंकिंग, वित्त, आईटी, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। विशेषकर निजी बैंकों में बिकवाली हावी रही। धातु, ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों में लिवाली देखी गई। एनएसई में जिन 3,422 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,770 के शेयरों में तेजी और 1,533 में गिरावट रही। अन्य 119 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.63 प्रतिशत गिर गया। इंफोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। पावर ग्रिड का शेयर 2.56 प्रतिशत, इटरनल का 2.54, एनटीपीसी का 2.23 और टाटा स्टील का 2.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंडिगो का शेयर 1.90 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.22 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 0.96 प्रतिशत चढ़ा।

### चांदी दो दिन में 9000 , सोना 1,800 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,503 रुपए कम होकर 2.62 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 571 रुपए गिरकर 1.57 लाख रुपए हो गया है। चांदी की कीमत 2 दिन में 9 हजार और 1,800 रुपए सस्ता हो चुकी है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ प में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और दालों में भी नरमी रही जबकि चीनी की कीमत चढ़ गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 24 रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 10 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चना दाल नौ रुपये और मसूर दाल सात रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में पांच रुपये की गिरावट रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज बकरीद का अवकाश रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 प्रतिशत टूटकर 74.23 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 49 रुपये और सरसों तेल 44 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में पांच रुपये और मूंगफली तेल में तीन रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 64 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में टिकाव रहा। चीनी भी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7685.20 रुपये, मसूर काली 8123.89 रुपये, मूंग दाल 10144.60 रुपये, उड़द दाल 10838.04 रुपये, तुअर दाल 11234.34 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2773.81 रुपये और चावल 3831.50 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंत्रः 3247.63 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4331.28 रुपये और गुड़ 5035.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हर घंटे दो छात्र कर रहे आत्महत्या शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले 'कॉमेडी' हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशो. धित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

# मई-जून के लिए स्कूली बच्चों व परिजनों को म्यूजियम एवं स्मारकों में प्रवेश निशुल्क

मुहम्मद जान तुर्की



**लखनऊ।** विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में सभी को अपना योगदान करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई, 2026 को बैठक करके प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किये जाये।

पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांस्पोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्यूनतम किया जाए और एसी का उपयोग भी कम किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाए। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में नि:शुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाइयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने विजिट माई स्टेट को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए हैं, उसके अनुपालन में वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, अयोध्या, बुन्देलखण्ड, चित्रकूट, आगरा, नैमिषारण्य, शाकुम्भरी देवी आदि स्थलों का प्रचार-प्रसार एवं ब्रांडिंग की जाए। उन्होंने पर्यटकों और स्थानिय नागरिकों को क्षेत्रीय व्यन्जनों से परिचित कराने के लिए विशेष कुकिंग शो आयोजित करायें जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश के स्थलों और विरासत से परिचित कराने हेतु हेरेटिज वाक का आयोजन करने के निर्देश दिये है। संस्कृति विभाग द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से सास्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नाटक आदि का आयोजन किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश भर में कुल 200 नाटय प्रस्तुति चिन्हिन की गई है। जिनका विभिन्न स्थलों और मण्डलों में मंचन किया जाए।

### गायत्री प्रजापति के आवास पर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**अमेठी।** अमेठी में समा. जवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास पर हमले और हंगामे का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर शाम अमेठी नगर स्थित आवास विकास कॉलोनी में हुई, जहां वर्तमान विधायक महाराजी प्रजापति अपने परिवार के साथ रहती हैं। पूर्व मंत्री के बेटे अनुराग प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि करीब दो से तीन दर्जन लोग मोटरसाइकिलों और एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और वीडियो बना रहे परिजनों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया। शिकायत में कई लोगों के नाम भी दर्ज कराए गए हैं। अनुराग प्रजापति का कहना है कि उनके परिवार को जान-माल का खतरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी ई-कॉमर्स वेबसाइट से ठगी चार गिरफ्तार

**कानपुर।** नगर पुलिस की साइबर क्राइम थाना और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में ऑनलाइन साइबर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में बैंकिंग दस्तावेज, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, पासबुक, चेकबुक तथा ठगी से अर्जित नकदी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मामले की शुरुआत तब हुई जब वरुण सोनकर नामक युवक ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई कि उसके परिचित साहिल यादव ने ऑनलाइन काम कर धन कमाने का लालच देकर उससे बैंक खाते से लिक मोबाइल नंबर, एटीएम कार्ड और अन्य बैंकिंग संसाधन प्राप्त कर लिए। बाद में उसके खाते में करीब 13 लाख रुपये के संदिग्ध लेन-देन पाए गए और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

### गर्मी का कहर, घर से बाहर न निकलने की चेतावनी जारी की

**प्रयागराज।** तन को जला देने वाली गर्मी का सिलसिला निरंतर जारी है। सूर्यदेव के तेवर सातवें आसमान पर बना हुआ है। इस आसन्न संकट से होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मौसम विभाग के द्वारा जनहित में लगातार दिशा निर्देश जारी किये जा रहे है। इसी क्रम में हीट बेव की भयावह स्थिति के मद्देनजर बिना काम के घर से बाहर न निकलने की चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटे में प्रयागराज प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म जिला रहा।

### जिले के खिलाड़ियों को शीघ्र मिलेगा मिनी स्टेडियम

**प्रयागराज।** खेल मैदान के अभाव में दम तोडती खेल प्रतिभाओं को नये उडान का मौका मिलने की आस जगी है। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को नया कीर्तिमान स्थापित करने का अवसन प्रदान करने के लिए तत्पर दिखाई दे रही प्रदेश सरकार ने जिले के ग्रामीण इलाकों में नये मिनी स्टेडियम का तोहफा दिया है। इसके लिए शासन ने इसके लिए 9.21 करोड़ रुपये की पहली किश्त भी जारी कर दी है। प्रस्तावित मिनी स्टेडियम करीब सात एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया जाएगा। इसका निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज, उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा कराया जाएगा।

## अगले चुनाव में जनता भाजपा को धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख ने प्रदेश सरकार पर बिजली संकट, फर्जी एनकाउंटर और खराब कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से नाराज है और अगला चुनाव सरकार के खिलाफ जाएगा।

बिजली कटौती, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर प्रदेश की राजनीति लगातार गर्म होती जा रही है। अखिलेश यादव ने बुधवार को फिर से भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने अपने ग अकाउंट से लिखा- अगले चुनाव में जनता भाजपा को धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधे पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी। क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं।भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के ख़िलाफ़ चिठी लिखकर, जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। भाजपा में अब करंट नहीं रहा।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन की चौथी बैठक

## जेवर एयरपोर्ट तक पहुंचाएंगी इलेक्ट्रिक बसें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जेवर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के साथ यात्रियों को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी तेज हो गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक आवागमन के लिए प्राथमिक चरण में 110 इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 15 जून से प्रस्तावित उड़ान संचालन से पहले सार्वजनिक परिवहन



व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विस्तार पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 15.5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं तथा वर्ष 2030 तक 10 हजार चार्जिंग

**आवागमन के लिए प्राथमिक चरण में 110 इलेक्ट्रिक बसों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए**

स्टेशन विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक लगभग 2500 चार्जिंग स्टेशन संचालित हो चुके हैं।मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगी। उन्होंने भूमि अधिग्रहण और विनिमय संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए लगभग 55 प्रतिशत भूमि प्राप्त की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे और झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण जून माह के अंत तक पूरा कर लिया जाए। डेवलपर चयन के लिए निविदा की अंतिम तिथि बढ़ाकर 6 जुलाई 2026 कर दी गई है। वहीं मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए 200 हेक्टेयर में से 144 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो चुकी है, शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन की बैठक में 'सीएम समीक्षा' में शामिल परियोजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## महंगाई और तानाशाही के खिलाफ उमड़े सपाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश और प्रदेश में असफल और निरंकुश भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही सरकार में प्रचंड रूप लेती मंहगाई,बेरोजगारी,अघोषित बिजली कटौती, पेपर लीक स्थानीय समस्याओं जैसे 9 सूत्रीय मांगों को लेकर समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विद्याभूषण पासी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपा गया।




समाजवादी पार्टी मिल्कीपुर के कार्यकर्ताओं ने विद्याभूषण पासी जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सपा एवं अंकुर सेन ब्लॉक प्रमुख हैरिंग्टनगंज के नेतृत्व में देश और प्रदेश में असफल और निरंकुश भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही सरकार में प्रचंड रूप लेती मंहगाई, बेरोजगारी, अघोषित बिजली कटौती, पेपर लीक स्थानीय समस्याओं जैसे 9 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया और उपजिला अधिकारी मिल्कीपुर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम में सुनीता कोरी विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर, दर्शना कोरी ,पवन यादव बिट्टू द्धप्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सपा ,अश्वनी यादव प्रदेश सचिव युवजन सभा, ज्वाला प्रसाद रावत जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सपा, समरपाल यादव जिला अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सपा, एडवोकेट संदीप यादव, गौरव रावतक्षेत्र पंचायत सदस्य, अनिल यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य,विनय चौरसिया क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रमोद कुमारक्षेत्र पंचायत सदस्य,हिमांशु यादव, लईक अहमद, शोयब अहमद, मुकेश तिवारी,लवकुश तिवारी, कामेश्वर शुक्ला, अमित सिंह, अनुराग यादव, विक्रांत रावत, निशा कोरी, सुषमा पासी, विवेक यादव,अंशुल चौरसिया, धर्मेन्द्र रावत , शिव कुमार पासी, मनोज कुमार, बृजेश पासवान, प्रदीप रावत, राजकुमार पासी, बलकार यादव, रामनिहाल यादव, विजय यादव,अमर सेन यादव, सचिन यादव,संदीप यादव आदि मौजूद रहे।

## गैंगरेप पीड़िता प्रिंसिपल का मेडिकल परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले में स्कूल प्रिंसिपल से गैंगरेप मामले की जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है। बुधवार को मेडिकल का कार्य पूरा होने के बाद अब उसका कोर्ट में बयान दर्ज कराया जा सकता है।

फिलहाल अब तक इस मामले में आरोपी हाथ नहीं आए हैं। उधर एक दिन पहले यह भी बात सामने आई है कि मुख्य आरोपी डायसिस आफ लखनऊ के बिशप मारिस एडगर दान पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।महिला जिस स्कूल की प्रिंसिपल रही है वह 'डायसिस आफ लखनऊ' के अंतर्गत आता है और डायसिसियन एजुकेशन बोर्ड से संबद्ध है। प्रिंसिपल ने बताया- संस्था के चेयरमैन, उनके बेटे और सेक्रेटरी ने नौकरी से निकालने का डर दिखाकर मेरे साथ गंदा काम किया। विरोध करने पर गालियां और जान से मारने की धमकी दी। इन लोगों ने यह भी कहा कि तुम मेरे ऊपर के अधिकारियों को भी संतुष्ट करो, तभी तुम्हारी नौकरी बचेगी। नौकरी डर से मैंने इस बारे में किसी नहीं बताया। इस मामले में मेरा पूर्व पति भी शामिल है। प्रिंसिपल ने 23 मई को बिशप मारिस एडगर दान, उनके बेटे एलन दान, सेक्रेटरी राकेश चत्री समेत 4 पर कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला मूलरूप से बिहार की रहने वाली है।

## एके वर्मा बने मेडिकल कॉलेज के नए प्राचार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अधिवक्ताओं और स्वरूपरानी नेहरू मेडिकल चिकित्सालय के जूनियर डाक्टरों के बीच हुई मारपीट की घटना में नया मोड आ गया है।

चिकित्सालय की प्रशासनिक व्यवस्था में बनाये रखने में तात्कालिक प्राचार्य डा. वीके पाण्डेय को अक्षम मानते हुए शासन ने उन्हें पद से हटा दिया है। इसके साथ ही पद की जिम्मेदारी मोतीलाल नेहरू कालेज में अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा अजय कुमार वर्मा को प्राचार्य पद के साथ ही चिकित्सालय की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डा वर्मा को कार्यवाहक प्राचार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सौंपते हुए उक्त आशय का पत्र भी जारी कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि डा वर्मा ने 28 को बकरीद का अवकाश होने के चलते बुधवार को ही पदभार ग्रहण कर लिया।

## मिनिस्ट्रियल एसो. ने मनाया 100वां शताब्दी महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन 100 वां शताब्दी महोत्सव वर्ष सन् 1926 -2026 उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ मे चारबाग रेलवे स्टेशन के पास रवीन्द्रालय लखनऊ मे बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

ब्रजेश पाठक, उप मुख्य मंत्री, उप्र सरकार ने दीप प्रज्वलित कर शताब्दी वर्ष का उद्घघाटन किया , सुभाष लाम्बा, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एस कुमार, राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, एस पी सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स महासंघ, कमल अग्रवाल, प्रांतीय



अध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ , पद्मनाभ द्विवेदी, प्रांतीय अध्यक्ष, जे पी पाण्डेय, प्रांतीय महामंत्री , हेमन्त कुमार गुर्जर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गोपाल प्रसाद , प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष , संरक्षक सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव ,मीडिया प्रभारी सी.पी. श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, अमरनाथ यादव जी,प्रान्तीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री ओ पी त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष,बी एल कुशवाहा उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त कर्मचारी एवः पेंशनर्स सत्य नारायण त्रिपाठी, राम भजन मौर्य, श्रीमती राधा रानी श्रीवास्तव, नरेन्द्र प्रताप सिंह, त्रिवेनी प्रसाद, एस के मिश्रा ,आर एस यादव, यशपाल सैनी, उत्तराखंड राज्य से विक्रम सिंह रावत, प्रान्तीय अध्यक्ष, आनंद सिंह पुजारी, प्रान्तीय महामंत्री,शिव सिंह राणा, क्षेत्रीय महामंत्री, द्धगणवाल क्षेत्रऋ हरेंद्र कोहली, जिलाध्यक्ष द्धचमोलीऋ उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड, राम लखन, प्रान्तीय अध्यक्ष ,प्रमुख/मुख्य अभियंता मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश भारत सिहं यादव, वशिष्ठ नरायन तिवारी उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग नियमित वर्कचार्ज एसोसिएशन आदि उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव कराने की मांग, डीएम को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोशलिस्ट किसान सभा और पूर्वांचल किसान यूनियन ने ग्राम पंचायत चुनाव कराने की मांग को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी आजमगढ़ को दिया।

किसान संगठनों ने ऐलान किया कि यदि ग्राम सभा के चुनाव नहीं हुए तो सड़कों पर आंदोलन होगा। पंचायत चुनाव समय पर न सम्पन्न कराना संविधान का



मजाक है और यह लोकतंत्र में तानाशाही की आहट है। ग्राम सभाएं महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज की संकल्पना को पूरा करती हैं। चुनाव न होने से जहां एक तरफ ग्राम पंचायत की छह कार्यशील समितियां भंग हो जाएंगी वहीं दूसरी तरफ सरकार ग्राम पंचायतों पर प्रशासक थोपकर जनता की जन आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम करेगी।किसान संगठनों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से न्याय की गुहार लेकर आए अवधेश यादव, हीरालाल यादव, दुर्गा यादव और डा. राजेंद्र यादव ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। प्रदर्शन में किसान नेता राजीव यादव, वीरेंद्र यादव, डाक्टर राजेंद्र यादव, अधिवक्ता विनोद यादव, सत्यम प्रजापति, अवधेश यादव, हीरालाल यादव, सोहित यादव, अनिल गुप्ता, नंदलाल यादव, दुर्गा प्रसाद यादव आदि शामिल रहे।

### भाजपा ने कांग्रेसियों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**वाराणसी।** वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी को लेकर दिए गए बयानों के बाद भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का पुतला दहन किए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा की शिकायत पर कैंट थाने में अज्ञात कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## वीडियो बनाने के शक में बच्चों को पीटा,तीन पर केस

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गांव में वीडियो बनाने के शक में दो बच्चों को पीटा। पीड़ित बच्चों के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के खड़ौआ गांव निवासी हरिशंकर तिवारी ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे गांव के रामबाबू उर्फ आकाश यादव, रवि उर्फ आशीष कुमार तथा शिवांश उर्फ अंकुश उनके घर के सामने स्थित उसके बाग में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ की डाल काट रहे थे।उसी दौरान उनकी सात वर्षीय बेटी गौरी और पांच वर्षीय बेटा ओम तिवारी घर के बाहर मोबाइल पर वीडियो गेम खेल रहे थे। विपक्षियों को शक हुआ कि बच्चे उनका वीडियो बना रहे हैं। इसी बात को लेकर आरोपी गाली -गलौज करने लगे और दोनों बच्चों को लात-घूंसों से मारा-पीटा।

## आग से पिकअप और डीसीएम समेत लाखों का सामान स्वाहा



**गोंडा।** जिले के नवाबगंज कस्बे के स्टार हास्पिटल के सामने स्थित कबाड़ गोदाम में बीती रात करीब 2 बजे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरा गोदाम धू-धू कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। आग की लपटें दूर तक दिखाई देने से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। दुकान मालिक राजदीप गुप्ता ने बताया कि आग में उनकी एक पिकअप, एक मिनी डीसीएम वाहन समेत लाखों रुपये का कबाड़ जलकर राख हो गया।

### खादी और ग्रामोद्योग आयोग का 1.87 लाख करोड़ का कारोबार

**प्रयागराज।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार 1.87 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का आंकड़ा पार कर लिया है। मनोज कुमार ने नई दिल्ली स्थित गांधी दर्शन, राजघाट कार्यालय में वित्त वर्ष 2025-26 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। केवीआईसी अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2013-14 की तुलना में पिछले 12 वर्षों में बिक्री में 501 प्रतिशत, उत्पादन में 380 प्रतिशत तथा रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## गैस एजेंसी में दबंगों ने मचाया उत्पात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गैस एजेंसी पर मंगलवार को दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि एजेंसी में घुसकर तोड़फोड़ की गई, लैपटाप क्षतिग्रस्त कर दिया गया और अभिलेख फाड़ दिए गए।

पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी अमरेश कुमार पांडेय ने बताया कि वह बाबा गयादीन ग्रामीण गैस वितरक एजेंसी पर प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे जफरापुर निवासी चंदन दूबे अपने दो-तीन साथियों के साथ एजेंसी पर गैस



सिलिंडर लेने आए थे।उनके पास मौजूद दो पासबुक पर बुकिंग के मुताबिक गैस सिलिंडर दे दिया गया। इसके बाद आरोपी कई अन्य पासबुक लेकर एक साथ सिलिंडर देने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर वे नाराज हो गए और गाली-गलौज करते हुए एजेंसी कार्यालय के अंदर घुस गए।आरोप है कि दबंगों ने कार्यालय में रखा लैपटाप तोड़ दिया तथा जरूरी अभिलेख फाड़ दिए। इसके बाद ईंट-पत्थर चलाकर खिड़की के शीशे भी क्षतिग्रस्त कर दिए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे अन्य ग्राहकों ने बीच-बचाव कराया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

वहीं दूसरे पक्ष के चंदन दूबे ने बताया कि वह एजेंसी पर सिलिंडर लेने गया था। एजेंसी पर प्रबंधक उसे गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से उसे मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोटें आईं।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# परचम कुशाई के साथ शाह अब्बन के उर्स का आगज

## मुल्क में अमन व तरक्की की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। हजरत पीर शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 461वें पांच दिवसीय उर्स का परचम कुशाई से आगाज हो गया। रोजा ए मुकद्दसा पर जुटे अकीदतमंदो ने अल्लाह के हुजूर मुल्क व कौम की सलामती की दुआ की।

टीपी नगर चौराहा स्थित रोजे पर मदरसा शाही चबूतरा के मुफ्ती तौहीद रजा व कारी मोहम्मद कासिम ने परचम कुशाई की। दोनों अलीम ए दीन ने बुजुर्गों की तालीमत आम करने का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि इन सूफी संतों की बदौलत मुल्क में अमन चैन बरकार है। इसके बाद कुरआन की तिलावत के साथ उर्स का आगाज किया गया। परचम कुशाई के बाद मजार ए मुबारक पर हल्का बनाकर पहुंचे अकीदतमंदों ने गुलपा.



शी करते हुए शाह से अपनी अकीदत का इजहार किया। आखिर मे मौलाना तौहीद रजा ने मुल्क में अमन व चैन, कौम की सलामती के लिए खुसूसी दुआ कराई। इस दौरान सूफी मो. इनुद्दीन, मुश्ताक अहमद, खलीफा माजिद, सूफी जमीर अहमद, सूफी कमाल, जमीर अहमद, उवैस मुस्तफा रिजवी, दाऊद रिजवी, हम्माद मुस्तफा रिजवी, सुल्तान कादरी, रहबर रजा, उबेद अंसारी आदि लोग मौजूद रहे। सुन्नी वक्फ बोर्ड से दरगाह के मुत्तावली सैय्यद जैद रिजवी ने बताया कि 15 जिलहिज्जा यानी 2 जून की रात 1.20 पर कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। इस बीच मोहल्ला पीरजादा स्थित खानकाह में सुबह दस से दोपहर एक बजे तक तथा रात में रोजा मुकद्दसा पर 9 से 12 बजे तक महफिल ए समां का आयोजन किया जाएगा। 30 मई की रात खानकाह शरीफ मे मनकबती मुशायरा और 31 की रात सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। दो जून को शाम मे खानकाह से चादर शरीफ का जुलूस रोजे पर पहुंचेगा।

# विधवा से गाली गलौच के विरोध पर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चकपांयती उर्फ मिल्क गौसपुर में विधवा महिला से गाली-गलौज का विरोध करना युवक को भारी पड़ गया। विरोध करने पर दो सगे भाइयों ने युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गांव निवासी गुलाम मुहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार सुबह गांव की विधवा महिला आरेफीन के साथ कमरे आलम और जैनुल गाली-गलौज कर रहे थे। महिला के साथ अभद्रता का विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि पैर में ईंट मारकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चार भाईयों ने भाजपा नेता के घर की तोड़फोड़

## कूड़ा जलाने का विरोध पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर माफी में मंगलवार देर शाम भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सचिन चाहल के घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार सगे भाइयों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सचिन चाहल के पिता चरन सिंह मंगलवार शाम अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला नजबूल अपने घर का कूड़ा जला रहा था। चरन सिंह ने उसे कूड़ा जलाने से मना किया तो वह आग बबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर नजबूल ने अपने भाइयों मेराजुल, अहमद अली और तौफीक को मौके पर बुला लिया।आरोप है कि चारों भाई भाजपा नेता के घर में घुस गए और वहां तोड़फोड़ शुरू कर दी। घर के बाहर लगा लोहे का जाल भी तोड़ दिया गया। इसके बाद चरन सिंह के साथ मारपीट की गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर पहुंचे तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सचिन चाहल घर पहुंचे। इसके बाद वह अपने पिता के साथ डिडौली थाने पहुंचे और चारों आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों सगे भाइयों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पेट्रोल छिड़ककर मां-बेटी को जिंदा जलाने का प्रयास

## पति समेत छह के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर माफी में विवाहिता और उसकी अवयस्क बेटी पर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ थाना बछरायूं में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना गजरौला के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2012 में रहमापुर माफी निवासी सतवीर के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग दहेज और पुत्र न होने को लेकर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। वर्ष 2021 में उसे तीन बेटियों सहित घर से निकाल दिया गया था, जिसके बाद वह मायके में रह रही थी। पीड़िता के अनुसार 26 अप्रैल 2026 को पति सतवीर, सास सावित्री और देवर मोनू उसे समझौते का भरोसा देकर वापस ससुराल ले आए। आरोप है कि उसी रात करीब साढ़े 11 बजे देवर मोनू, कुलदीप, सास सावित्री तथा देवरानी रजनी और लता कमरे में पेट्रोल लेकर घुस आए और उस पर तथा उसकी बेटी पर पेट्रोल छिड़क दिया। माचिस से आग लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन पेट्रोल की गंध से नींद खुलने पर उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रार्थीनी ने पति सतवीर, सावित्री, मोनू, कुलदीप, रजनी और लता के खिलाफ हत्या के प्रयास, दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

## मां की डांट से क्षुब्ध होकर उठाया कदम, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। माँ की डांट से आहत होकर दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। बेटी के आत्मघाती कदम से घर में कोहराम मच गया।

- पुलिस ने रूकवाया दफीना
- शव का कराया पोस्टमार्टम

सुपुर्देखाक करने की तैयारियों के बीच पहुंची पुलिस शव कब्जे में ले लिया।पोस्टमार्टम के भेजते हुए मौत के कारणों की जांच की। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतका छात्रा का दफीना कर दिया। मामले में आगे की कार्रवाई नहीं की गई।

थाना क्षेत्र के गांव अतरासी कलां में करामात अली का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी अलावा सात बेटे बेटी है। सबसे छोटी बेटी 14 वर्षीय अलवीना स्थानीय स्कूल में दसवीं की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम अलवीना घर में अपने बड़े भाई के बच्चों को खिला रही थी। मां ने त्योहार का हवाला देते उसे घर का काम करने की बात कहकर डांट दिया। मां की डांट से आहत अलवीना ने अपनी जिंदगी खत्म करने का बडा



फैसला कर लिया। परिवार वालों की नजर बचते ही उसने कमरे के दरवाजे के ऊपर वेंटिलेटर पर लगे लोहे के कुंडे में दुपट्टे का फंदा डालकर फांसी लगा ली। परिजनों को नजर जब अलवीना पर पड़ी तो उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बेटी के इस कदम से परि. जनों मे कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम से बचने के लिए परिजन रात में ही सुपुर्देखाक करने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन इसी बीच पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि की शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। शुरूआती जांच में डांट से आहत होकर किशोरी द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्ट्री मालिक के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ईटों की फैक्ट्री के परिसर में लगे ट्यूबवेल पर बैठकर शराब पी रहे तीन युवकों ने फैक्ट्री मालिक के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरो. पियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला अवंतिका नगर निवासी मनोज कुमार शर्मा की सलेमपुर गौसाई गांव स्थित श्री चाकेश्वर मंदिर के पास में इंटरलॉकिंग ईंट बनाने की फैक्ट्री है। आरोप है बीते दिन अपरान्ह करीब 3:30 बजे जब वे

- शराब पीने से टोका तो तीन युवकों ने की घटना

फैक्ट्री में गए तो वहां पर तीन युवक ट्यूबवेल के पास बैठकर शराब पी रहे थे। उन्होंने युवकों को डांटा तो उन्होंने मनोज कुमार शर्मा के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि, तहरीर के आधार पर मौहल्ला संतनगर निवासी कमल, मौहल्ला मायापुरी मंडी के पीछे निवासी हेमंत व रवि के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# फसल को किया ट्रैक्टर से कराया खुर्द-बुर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने चार लोगों पर अपनी माता की जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल को खुर्द-बुर्द करने और विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर निवासी कुंवरपाल द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार उसकी माता शांति देवी की जमीन गांव ओसीता मुस्तकम गांव में है। इस समय खेत में गन्ने की फसल भी खड़ी है। शांति देवी के पास यथास्थिति बनाए रखने के लिए

- पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा

हाईकोर्ट का स्टे आर्डर भी है। आरा. ेप है कि कांकाठेर निवासी शिवम, किशनलाल और मंगला ने गजरौला निवासी अनिरुद्ध रस्तोगी के साथ गन्ने की फसल पर ट्रैक्टर चलवा कर खुर्द-बुर्द कर दिया। विरोध करने पर शांति देवी और कुंवरपाल के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# हजरत मुस्लिम की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद

## शोहदा-ए-कर्बला की तालीमात के जिंदगी गुजारने का दिया दर्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत मुस्लिम इब्ने अकील की शहादत के सिलसिले में अलग-अलग स्थानों पर मजलिस का आयोजन किया गया। इनमें उलेमाओं ने शहादत का जिक्र किया और शोहदा-ए-कर्बला की तालीमात के जिंदगी गुजारने का दर्स दिया।

बीती रात नगर के मुहल्ला मंडी चौब स्थित अजाखाना मोहम्मद युसूफ में पुरानी रिवायत के मुताबिक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में सोजखानी तबारक अली ने की। मौलाना अजहर अब्बास ने खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन अ. के चचाजाद भाई हजरत मुस्लिम बिन अकील हैं। मुस्लिम इब्ने अकील की अजमत कुरान की रौशनी में बयां की। उन्होंने फरमाया कि वह मुतक्की थे और कुरान मुतक्की को सबसे बड़ा मानता है। मुस्लिम को क्यूंकि इमामे हुसैन अलेहिस्सलाम ने अपना सफीर (दूत) बनाकर भेजा था। हजरत मुस्लिम ने इंसानियत के खिलाफ होने वाले कार्यों पर साथ देने से इनकार किया तब इब्ने ज्याद ने उनको मस्जिदे कूफा के दरवाजे के ऊपर से गिरवा कर शहीद कराया। यह कर्बला की पहली शहादत थी। शहादत मुस्लिम अ.



स के बाद उनके दो मासूम बच्चों मोहम्मद व इब्रा. हिम को भी बे रहमी से शहीद कर दिया गया। यह एक अजीम पैगाम है कि हम दहशतगर्दी के मुखालिफ है। और इंसानियत के लिए आगे आकर आवाज बुलंद करते रहेंगे। मजलिस के बाद साबिहे ताबूत बरामद किया गया। जिसके बाद नजर का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान आले हसनैन, मोहम्मद अली अफजाल, मेराज रजा, रजा कमाल, अरशद कमाल, अमजद कमाल, मुजाहिद अब्बास, अली हसनैन, हकीम चांद, मुबारक अली, नजर मुज्तबा, अली आबिदी, हैदर जिया, शमीम हसन व जाहिद अब्बास आदि मौजूद रहे।

# शिकायत का समयबद्ध समाधन सुनिश्चित करें

## डीएम की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने जिला व्यापार बंधु की बैठक में अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने बढ़ती जाम की समस्या, व अतिक्रमण से जुड़ी परेशानियों को प्रमुखता से उठाया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई, जिन पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने बताया कि नौगांवा सादात में दुकानों के सामने ठेलों पर सामान बेचे जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। वहीं अमरोहा स्थित वासुदेव तीर्थ स्थल एवं मिलन मैरिज हॉल के पास भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। इसके अलावा कोट चौराहे से कोतवाली तक रिक्शा एवं मिनी मेट्रो की अधिक संख्या के चलते लगातार यातायात बाधित रहने तथा धनौरा के स्टेशन रोड पर गंभीर जाम की समस्या भी बैठक में उठाई गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं व्यापार बंधु मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर बनाए सम्बंध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने एक दूसरे सम्प्रदाय की युवती के साथ शादी का झांसा देकर अपने घर में रखा और शारीरिक संबंध भी बनाये। दोनों को अब दो साल का बच्चा भी है। युवती ने शादी के लिए कहा तो युवक ने उसे मारपीट करके घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद थाना क्षेत्र के सिविल लाइन अंतर्गत एक गांव निवासी दूसरे संप्रदाय की युवती की मुलाकात कुछ वर्ष पहले थाना क्षेत्र के गांव खादगूजर निवासी विकास

- अब मारपीट करके घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

से हुई थी। आरोप है कि विकास युवती को शादी का झांसा देकर अपने घर ले आया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। इसके बाद युवती ने एक पुत्र को भी जन्म दिया जो कि अब दो वर्ष का हो चुका है। 15 अप्रैल 2026 को युवती ने विकास से फिर शादी के लिए कहा तो आरोप है कि विकास ने युवती के साथ मारपीट करके जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

# चकरोड के विवाद में अधेड़ को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चक रोड के विवाद को लेकर दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ मामूली कहासुनी ने उस वक्त हिंसक रूप ले लिया जब लगभग आधा दर्जन दबंगों ने एक अधेड़ व्यक्ति पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। विवाद चक मार्ग के रास्ते को लेकर शुरू हुआ था। देखते ही देखते हमलावरों ने अधेड़ कृपाल पुत्र जस राम को घेर लिया और उनके सिर पर रॉड से ताबड़तोड़ वार कर दिये। हमले के बाद पीड़ित लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घायल को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। पीड़ित की हालत चिंताजनक बनी हुई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# बकाया मानदेय दिलाने को सौंपा ज्ञापन

## संविदा कर्मियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने लंबित मानदेय के भुगतान की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट मे डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों एवं आशाओं को मार्च व अप्रैल और मई का मानदेय अभी तक नहीं मिला है। इसके साथ ही 3 माह से पीबीआई व एक साल से सेंटर की सफाई एवं कम्युनिकेशन का पेमेंट नहीं हुआ। जिस कारण कर्मचारियों और उन आश्रित परिवार को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिससे जिले भर के कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। प्रदेश सरकार द्वारा बजट प्राप्त होने के बाद भी संविदा कर्मचारियों को तीन माह का लंबित मानदेय प्राप्त नहीं हुआ। ज्ञापन सौंपने वालों मे डॉ.साजिद पाशा, मनोज सैनी, कमलदीप शर्मा, स्वाति सिंह, पूनम, टोनी व विकास शामिल रहे।

# माता रमाबाई की पुण्यतिथि मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रमाबाई आंबेडकर की पुण्यतिथि बुधवार को नगर के सुल्ताननगर स्थित डॉ.भीमराव आंबेडकर पार्क में मनाई गई। इस दौरान अनुयायियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि, माता रमाबाई ने बाबा साहब की शिक्षा पूरी कराने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. आंबेडकर के महान बनने में माता रमाबाई का भी विशेष योगदान है। इस मौके पर जयवीर सिंह, परमेश्वरी लाल, जयवीर सिंह, मुकेश कुमार, चेतराम सिंह, नार्मल सिंह, राजेश कुमार, सतपाल सिंह, कुमारी सिद्धि,

- अनुयायियों ने उनके अर्पित किए श्रद्धा सुमन

राजपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने किया उत्सव भवन का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। विधायक राजीव तरारा ने गंगाधाम तिगरी में उत्सव भवन का हवन पूजन के बाद शिलान्यास किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांवों और धार्मिक स्थलों के विकास को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। बताया कि तिगरी धाम में बनने वाले उत्सव भवन के निर्माण के लिए शासन द्वारा करीब 1 करोड़ 41 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की



गई है। उत्सव भवन का निर्माण होने के बाद यहां पर शादी, ब्याह और अन्य आयोजन हो सकेंगे। अब गांव के लोगों को रिजोर्ट या फिर टैंट हाउस में काफी ज्यादा पैसे व्यय नहीं करने होंगे। उत्सव भवन में सभी आयोजन होंगे। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम कराएं और समय पर कार्य पूर्ण हो। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, डीपीआरओ पारूल सिसौदिया, बीडीओ लोकचंद, एडीओ सतेन्द्र सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सौरभ चौधरी, संजीव तुरैहा, पंकज कुमार, पंचायत सचिव राजपाल सिंह, उपेंद्र सिंह, गौरव सिंह, राजकुमार, राहुल राणा, फौजिंदर सिंह, पृथ्वी सिंह समेत अनेकों अधिकारी, और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिजली कटौती से भड़के कांग्रेसी, एक्सईएन कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**हापुड़।** शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती और खराब ट्रांसफार्मरों को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अतरपुरा चौराहा स्थित बिजलीघर पहुंचकर एक्सईएन कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि भीषण गर्मी में शहरवासी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। घंटों की कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी तक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के दावे तो कर रही है।

**FACULTY REQUIRED**

SHRI RAMSWAROOP SINGH MAHAVIDYALYA
LADANPUR, DHANURA, DISTT- AMROHA


Applications are invited for the following teaching posts:

| S.No. | POST | SUBJECT |
| --- | --- | --- |
| 1. | 01 Post Principal | - |
| 2. | 02 Post Asst. Prof. | M.Sc. Chemistry |
| 3. | 02 Post Asst. Prof. | M.A. Geography |

QUALIFICATION & PAY SCALE
- As per UGC / Univ. Norms.

CONTACT

# बहगुल नदी में डूबा युवक देर शाम तक तलाश जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव उनासी स्थित बहगुल नदी में बुधवार को नहाते समय एक युवक डूब गया। देर शाम तक पुलिस और गोताखोर उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी।

मिली जानकारी के अनुसार गांव उनासी निवासी अजय पुत्र श्याम सिंह (30 वर्ष) बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला नौगवां निवासी अपने साथी रामभजन के साथ बहगुल नदी में नहाने गया था। नहाते समय अजय अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद रामभजन ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इसके बाद रामभजन ने गांव पहुंचकर परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन और ग्रामीण काफी देर तक नदी में अजय की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी तलाश कराई गई। बाद में आला अधिकारियों को सूचना देकर बरेली से गोताखोरों की टीम भी बुलवाई गई। अजय छह भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी विमलेश, बेटा सक्षम और बेटी साक्षी हैं। अजय पेंटिंग का काम करता था। पारिवारिक नाराजगी के चलते उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके में रह रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रबीन कुमार ने बताया कि युवक की नदी में डूबने की सूचना मिली है जिसकी तलाश जारी है आला अधिकारीयों को अवगत करा कर गोताखोरों को बुलाया गया है। जो युवक को नदी में तलाश कर रहे हैं।

# बकरीद पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, निकाला फ्लैग मार्च

■ **संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ी, अफवाह फैलाने वालों को दी चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बकरीद ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को नगर में पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरुण कुमार के नेतृत्व में निकाले गए मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने नगर के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील इलाकों और चौराहों पर गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। अधिकारियों ने साफ कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीओ अरुण कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, और किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च कोतवाली से शुरू होकर नगर की मुख्य सड़क, मोहल्ला रामलीला, मोहल्ला टांडा, मोहल्ला गोदाम, मोहल्ला शेखूपुर, होली चौराहा, पंजाबी कॉलोनी और डाकखाना रोड होते हुए वापस कोतवाली पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान सीओ अरुण कुमार, कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### गोवर्धन पूजा की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नगरिया कल्याणपुर स्थित देव स्थान पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास विशेष चंद्र पाठक ने गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।कथा व्यास ने बताया कि ब्रजवासी प्रत्येक वर्ष देवराज इंद्र की पूजा करते थे। उनका मानना था कि इंद्र की कृपा से वर्षा होती है, जिससे खेती और जनजीवन चलता है। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को समझाया कि उनका पालन-पोषण गोवर्धन पर्वत, गौमाता और प्रकृति करती है, इसलिए गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए।श्रीकृष्ण की बात मानकर ब्रजवासियों ने गोवर्धन पूजा की, जिससे क्रोधित होकर इंद्र ने मूसलाधार वर्षा और भयंकर तूफान भेज दिया। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों और गौमाता की रक्षा की। अंत में देवराज इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी।कार्यक्रम में जितेंद्र गौड़, तुलाराम, आकाश, कौशलेंद्र गौड़ सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सिंधौली चौराहे पर कारों की भिड़ंत, मिस्त्री की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के सिंधौली चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ी खराब आर्टिगा कार में पीछे से दूसरी कार की टक्कर लगने से दुर्घटना में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि दो लोग घायल हो गए। इनमें मिस्त्री की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, धीरेन्द्र कुमार पुत्र मुन्ना लाल निवासी मल्लाहवा, हरदोई रामपुर यूनिट जा रहे थे। इसी दौरान सिंधौली चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ी खराब आर्टिगा कार में उनकी कार पीछे से जा भिड़ी। बताया गया कि शीशमखेड़ा निवासी राशिद की आर्टिगा कार खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ी थी और उसकी मरम्मत की जा रही थी।हादसे में राशिद तथा मिस्त्री सारिक निवासी मोहल्ला खानपुरा, मीरगंज घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मिस्त्री सारिक को एम्बुलेंस से उपचार के लिए बरेली भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसआई श्रीपाल सिंह, अंकित शर्मा और श्रीनिवास ने घटनास्थल का जाएग लिया।

### मलेरिया व हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्वास्थ्य विभाग मलेरिया और भीषण गर्मी के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार निगरानी कर रहा है। मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह ने बुधवार को मीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और गांव चनेटा पहुंचकर बुखार व मलेरिया की स्थिति का आकलन किया। आशा कार्यकर्ता ने बताया कि इस वर्ष अब तक 15 लोगों की जांच की गई, जिनमें दो लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं। फिलहाल गांव में बुखार की स्थिति नियंत्रण में है।डॉ. अखिलेश्वर सिंह ने सीएचसी में बनाए गए हीट वेव प्रबंधन कक्ष का भी निरीक्षण किया।

**मंडलीय अधिकारी ने सीएचसी का किया निरीक्षण**

कक्ष में कूलर, आइस जेल पैक और ठंडे आईवी फ्लूइड्स उपलब्ध पाए गए। उन्होंने स्टाफ को हीट स्ट्रोक मरीजों के उपचार एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण भी दिया।इस दौरान डॉ. वैभव राठौर, डॉ. रोहन दिवाकर, विनय पाल सिंह, संदीप कटियार, पुनीत सक्सेना, प्रेमपाल, दुर्गेश मिश्रा और धनेश्वर गिरि समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### हजरत न्याज उल्लाह शाह मियां का तीन रोजा उर्स आज से शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की गांधी टोला बस्ती में स्थित दरगाह हजरत न्याज उल्लाह शाह मियां का 49वां तीन रोजा सालाना उर्स आज से शुरू हो रहा है। उर्स को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं।

दरगाह के सज्जादा नशीन हाफिज तौफीक अहमद द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आज 28 मई की शाम को जलसा आयोजित किया गया है, दूसरे दिन 29 मई की शाम को महफिले शमा का आयोजन किया गया है, जिसमें मुकामी और बहरूनी कव्वाल अपने अपने कलाम पेश करेंगे। सज्जादा नशीन ने बताया कि दूसरे दिन यानि 29 मई को अपराह्न 4 बजे लंगर होगा जो शाम तक चलेगा, 30 मई को सुबह कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन हो जाएगा। सज्जादा नशीन ने लोगों से उर्स में शामिल होने की अपील की है।

### कनाडा में मोटी सैलरी की नौकरी का सपना दिखाकर युवक से पांच लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कनाडा में नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से पांच लाख रुपये की ठगी कर ली गई। युवक ने मोहल्ले के ही एक युवक समेत तीन लोगों पर धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला कुरैश नगर के रहने वाले प्रापर्टी डीलर के पुत्र मजहर हुसैन के मुताबिक मोहल्ले के ही एक युवक ने उसे कनाडा में ढाई लाख रुपये प्रतिमाह वेतन वाली नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। भरोसे में लेकर उसने मजहर की मुलाकात उत्तराखण्ड के गौरीखेड़ा गांव और सितारगंज के गोठा गांव निवासी अपने सगे साले और उसके दोस्त से कराई। आरोप है कि तीनों ने मिलकर नौकरी और वीजा प्रक्रिया का झांसा देते हुए अलग-अलग बैंक खातों में करीब पांच लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित युवक मजहर हुसैन का कहना है कि रकम देने के काफी समय बाद भी न तो उसे कनाडा भेजा गया, और न ही उसे कोई नौकरी मिली। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। आरोप है कि अब रुपये मांगने पर उसे धमकियां भी दी जा रही हैं। परेशान होकर मजहर हुसैन ने बुधवार को थाना नवाबगंज पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### दो युवकों पर छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, तेजाब डालने की धमकी से सहमा परिवार, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा ने पड़ोस के दो युवकों पर एक साल से पीछा करने, रास्ते में फब्तियां कसने और शादी का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर आरोपियों ने तेजाब फेंककर चेहरा खराब करने की धमकी दी। शोहदों की हरकतों से दहशत में आई छात्रा ने घर से निकलना तक बंद कर दिया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता के अनुसार, वह मीरगंज कस्बे के एक कॉलेज से हाईस्कूल उत्तीर्ण कर चुकी है। आरोप है कि कॉलेज आते-जाते समय पैगानगरी निवासी शान पुत्र आशिक नवी और शमी पुत्र अशफाक उस पर गंदे इशारे करते, छेड़छाड़ करते और कई बार हाथ पकड़कर गलत हरकत करने का प्रयास करते थे। दोनों युवक लगातार शादी करने का दबाव बना रहे थे।छात्रा का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने तेजाब डालकर चेहरा खराब करने की धमकी दी। परेशान होकर उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। आरोप है कि 22 मई की रात करीब नौ बजे छात्रा के पिता शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंचे, जिसके बाद अशफाक और आशिक नवी डंडे लेकर छात्रा के घर आ गए। उन्होंने दरवाजा पीटते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी और घर पर पथराव किया।घटना के बाद छात्रा और उसका परिवार दहशत में है। छात्रा का कहना है कि आरोपी घर से निकलने पर पीछा करते हैं, जिससे उसे जान-माल का खतरा महसूस हो रहा है। एसओ रवि कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 17 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस नहीं बरामद कर पाई प्रेमिका को, परिजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गुजरी 10 मई की रात परिजनों को सोता छोड़ नाबालिग प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी, जिसे 17 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस बरामद नहीं कर सकी है।

कस्बे के एक करचोव व्यापारी की नाबालिग पुत्री 10 मई को घर में उसकी बड़ी बहन की शादी के लिए रखे सोने चांदी के जेवरात के साथ ही 70 हजार रुपए समेट कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। पिता द्वारा इस मामले की अगले दिन प्रेमी रययान, उसके पिता नूर मोहम्मद, भाई अरमान और मामू नाजिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद तो पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी थी, लेकिन उसके बाद से पुलिस हाथ पर हाथ धरकर बैठ गई। आज 17 दिन बीत गए लेकिन पुलिस अभी तक न तो नाबालिग किशोरी को ही बरामद कर सकी है, और न ही प्रेमी पुलिस की गिरफ्त में आ सका है।

बताया जाता है कि हर दिन कोई न कोई फोटो अपनी प्रेमिका के साथ प्रेमी डालता रहता है, लेकिन उसके बाद भी पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर पाई। किशोरी की बरामदगी न होने पर परिजन भी खासे परेशान हैं।

# बकरीद को लेकर पुलिस का मेगा सिक्योरिटी प्लान तैयार

## 12 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात, ड्रोन-सीसीटीवी और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से होगी कड़ी निगरानी

■ **डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में परिक्षेत्र भर में फ्लैग मार्च, पीस कमेटी बैठकें और हाई अलर्ट**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**(मो. इरफान मुनीम)**

**बरेली।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए बरेली परिक्षेत्र पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध लागू कर दिए हैं। डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपदों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई है। परिक्षेत्र के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर हालात का जायजा लिया जा रहा है।

पुलिस प्रशासन ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे परिक्षेत्र को 08 सुपर जोन, 30 जोन, 85 सेक्टर और 332 सब सेक्टर में विभाजित किया है। प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 37 क्षेत्राधिकारी, 91 प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष, 257 निरीक्षक, 1741 उपनिरीक्षक एवं महिला उपनिरीक्षक, 2578 मुख्य आरक्षी, 5712 आरक्षी और 2033 महिला मुख्य आरक्षी एवं महिला आरक्षियों समेत कुल 12,460 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यालय डीजी रिजर्व से 03 कंपनी और 02 प्लाटून पीएसी, एडीजी बरेली जोन रिजर्व से 01 कंपनी पीएसी तथा रेन्ज रिजर्व से 03 कंपनी पीएसी बल की भी तैनाती की गई है।



बकरीद पर्व को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और पीस कमेटी सदस्यों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। बरेली परिक्षेत्र में कुल 171 गोष्ठियों का आयोजन किया गया है, जिनमें जनपद बरेली में 50, बदायूं में 42, पीलीभीत में 38 और शाहजहांपुर में 41 गोष्ठियां शामिल हैं। इन बैठकों में लोगों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने स्पष्ट किया है कि कुर्बानी केवल निर्धारित एवं अनुमन्य स्थानों पर ही की जाएगी, तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और यातायात बाधित करने वाले स्थलों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई है कि कुर्बानी के अवशेष सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके जाएं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

### इन बातों का रखना होगा विशेष ध्यान

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने पर्व के दौरान आमजन से अपील की है कि कुर्बानी केवल निर्धारित स्थानों पर ही करें तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी से पूरी तरह बचें। सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर नमाज अदा न करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही कुर्बानी के अवशेष खुले में न फेंककर स्वच्छता बनाए रखें।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

ईद-उल-अजहा पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी। डीआईजी ने चेतावनी दी है कि भड़काऊ, भ्रामक या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों पर खुफिया तंत्र लगातार नजर रखेगा।

पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली किसी भी पोस्ट, वीडियो या अफवाह पर तत्काल कानूनी कार्रवाई होगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गई है। इसके लिए खुफिया तंत्र को भी पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है।

पुलिस ने विगत 10 वर्षों में चिन्हित खुराफाती तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यूपी-112 पुलिस बल को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष तैनाती की गई है। बरेली परिक्षेत्र पुलिस द्वारा सतत गश्त, ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी निगरानी और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि ईद-उल-अजहा का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

# क्योलड़िया डैम के पास पुल निर्माण की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** अप्सरा नदी स्थित क्योलड़िया डैम के पास पुल निर्माण की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। क्षेत्रीय विधायक एवं दर्जनों गांवों के ग्राम प्रधानों ने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर शीघ्र पुल निर्माण कराने की मांग उठाई है।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि करीब आठ से नौ दशक पुराना क्योलड़िया डैम अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। इसी डैम से होकर बड़े वाहनों समेत आम लोगों का आवागमन होता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष शशि कपूर सहित कई गांवों के प्रधानों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य को लिखित शिकायत देकर बताया कि अंग्रेजी शासनकाल में बने इस डैम की हालत लगातार खराब होती जा रही है। तहसील और ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को इसी मार्ग का सहारा लेना पड़ता है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि डैम से भारी वाहनों का आवागमन संभव नहीं होने के कारण क्षेत्र के विकास पर असर पड़ रहा है। व्यापारियों और ग्रामीणों को 15 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

कच्चा और पक्का माल लाने-ले जाने में भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पुल निर्माण होने से हजारों ग्रामीणों को राहत मिलेगी और आवागमन सुगम हो सकेगा।

विधायक डॉ. एमपी आर्य ने इस संबंध में राज्य सेतु निगम को पत्र भेजकर पुल निर्माण की मांग की। सूत्रों के अनुसार, सेतु निगम ने जांच के दौरान पुल की लंबाई अधिक होने की बात कहते हुए लोक निर्माण विभाग को स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने पुल निर्माण का स्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया है।

अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही पुल निर्माण की स्वीकृति मिल सकती है।

# शाहगढ़ की पानी टंकी पर सियासत तेज

■ **सोशल मीडिया पोस्ट पर उठे सवाल, नगर पालि. का पर लोगों को गुमराह करने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला शाहगढ़ में पेयजल आपूर्ति को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। शाहगढ़ निवासी रशीद रजा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट साझा कर नगर पालिका परिषद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शाहगढ़ ओवरहेड टंकी की सफाई के पुराने फोटो सोशल मीडिया पर डालकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।



रशीद रजा का कहना है कि नगर पालिका द्वारा यह दिखाने की कोशिश की जा रही है कि पानी टंकी की हाल ही में सफाई कराई गई है, जबकि हकीकत इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि शाहगढ़ क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

वहीं नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पति नसीम अहमद ने भी नगर पालिका पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि पुराने फोटो डालकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है, और यह लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। उनका आरोप है कि शाहगढ़ में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

नसीम अहमद ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही शाहगढ़ क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि दूषित पानी से क्षेत्र के लोग बीमार पड़ रहे हैं, और नगर पालिका को तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान करना चाहिए।

मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। लोग भी साफ पानी की नियमित सप्लाई की मांग कर रहे हैं।


# मिलक पिछौड़ा में बदला ट्रांसफार्मर बहाल हुई बिजली सप्लाई

■ **दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद जागा बिजली विभाग**


ट्रांसफॉर्मर फुंकने से भड़के ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रिछा।** ब्लॉक दमखोदा की ग्राम पंचायत मिलक पिछौड़ा में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा उठाई गई आवाज आखिरकार रंग लाई। दैनिक शाह टाइम्स में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद बिजली विभाग हरकत में आया, और गांव में नया ट्रांसफार्मर रखवाकर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी गई।



बताया जाता है कि गांव में कुछ दिन पहले ट्रांसफार्मर में आग लगने से वह फुंक गया था, जिसके चलते पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। भीषण गर्मी के बीच बिजली न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बीते सोमवार को नाराज ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की, और मीडिया के माध्यम से अपनी समस्या को उठाया। दैनिक शाह टाइम्स ने ग्रामीणों की परेशानी को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। बुधवार को बिजली विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर पुराना ट्रांसफार्मर हटवाया, और उसकी जगह 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर रखवाया। ट्रांसफार्मर हीटिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद देर रात बिजली सप्लाई भी चालू करा दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति शुरू होने से गांव वासियों को बड़ी राहत मिली है। विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि आगामी एक माह के भीतर गांव में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर भी रखवा दिया जाएगा, जिससे भविष्य में ओवरलोड की समस्या न हो। ग्रामीणों ने उनकी समस्या को प्रमुखता से उठाने पर दैनिक शाह टाइम्स का आभार जताया है।


# बरेली में हीटवेव और बाढ़ से निपटने की तैयारी शुरू

■ **अस्पतालों में बेड आरक्षित, ग्रामीण क्षेत्रों में प्याऊ और वॉटर कूलिंग मशीनें सक्रिय करने के आदेश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव, संभावित सूखा एवं बाढ़ से बचाव को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में किए गए प्रबंधों तथा किसानों को सिंचाई हेतु जल उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि रामगंगा, किच्छा, बैगुल और दोजौरा नदियों से जनपद के 302 गांव प्रभावित होते हैं, तथा बाढ़ नियंत्रण के लिए 49 बाढ़ चौकियां स्थापित की जाती हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि बहेड़ी क्षेत्र में बन रहे मेगा फूड पार्क को किच्छा नदी से जल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाए। प्रशासन को अवगत कराया गया कि हाजीपुर खजुरिया, इनौकिया मोहनपुर, इरादतनगर, भगवानपुर रुकमपुर, कंचनपुर, मधुकरपुर, रम्पुरा, नारा करीदपुर, गुजराही, ऐठपुर, करनपुर, गहबरा और बिहारीपुर समेत कई गांवों में तटबंध निर्माण कराया जा चुका है। वहीं गुर्जरपुर गौटिया, धिमपुर, बेहरा, अमीरनगर, गुलाहीं, खाता किशनपुर, टिसुआ, बाकौली और नवापत क्षेत्रों में कटान निरोधक कार्य जारी हैं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यों को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।



सिंचाई विभाग ने बैठक में बताया कि वर्तमान समय में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। हीटवेव की तैयारियों पर स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि जिला अस्पताल में 10 बेड, सीएचसी स्तर पर 5 बेड तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर 2-2 बेड आरक्षित किए गए हैं। ओआरएस और आवश्यक दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। डीएम ने निर्देश दिए कि खराब हैंडपंपों को ग्राम पंचायतों के माध्यम से तत्काल ठीक कराया जाए। विकासखंड शेरगढ़ के 22 गांवों में वॉटर कूलिंग मशीनें लगाई जा चुकी हैं, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सचेत ऐप के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही प्याऊ की व्यवस्था भी कराई जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेड अलर्ट अवधि में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक श्रमिकों को तेज धूप में काम से बचाया जाए, तथा निर्माण कार्यों और फैक्ट्री संचालन के समय में आवश्यक बदलाव किए जाएं।

डीएम ने कहा कि जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और आंगनबाड़ी केंद्रों पर हीट स्ट्रोक एवं डिहाइड्रेशन के उपचार हेतु दवाइयां, ओआरएस, आईवी फ्लूड, कूलिंग बेड, हेल्थ एटीएम और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी बकरीद की नमाज सुरक्षा और सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद

**मुरादाबाद।** बकरीद के पावन अवसर पर शहर की ऐतिहासिक ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज को लेकर प्रशासन, नगर निगम और ईदगाह कमेटी की ओर से तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। ईदगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि



नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।नगर निगम की टीमों ने ईदगाह रोड, आसपास की गलियों और प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया है। नमाज के दौरान भारी संख्या में लोगों के पहुंचने को देखते हुए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं पेयजल के लिए टैंकर और अस्थायी जलपान व्यवस्था भी की गई है।पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ईदगाह परिसर के आसपास पुलिस बल की तैनाती रहेगी, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली ने सभी लोगों से भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए सोशल मीडिया पर कुर्बानी से जुड़ी फोटो या वीडियो साझा करने से बचें।ईद को लेकर शहर के बाजारों और मुस्लिम बहुल इलाकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने खरीदारी पूरी कर ली है और त्योहार को शांतिपूर्ण व उल्लासपूर्ण माहौल में मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं।

## उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने मनाया 100वां स्थापना दिवस

**मुरादाबाद।** उ०प्र० लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन की जनपद शाखा मुरादाबाद द्वारा बुधवार को संगठन का 100वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। संगठन के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह कार्यक्रम जनपदीय कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य एवं सेवानिवृत्त



कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन प्रान्तीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार किया गया। इसी क्रम में लखनऊ स्थित रविन्द्रालय परीक्षागृह में भी प्रान्तीय स्तर पर भव्य स्वर्ण जयंती एवं स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुरादाबाद शाखा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी वी.के. शर्मा उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार सहित जनपदीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य समारोह में शामिल हुए।समारोह के दौरान संगठन से जुड़े सेवा. निवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष श्री मोहम्मद याकूब ने किया। वक्ताओं ने संगठन के 100 वर्षों के संघर्ष, उपलब्धियों और कर्मचारी हितों के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया है।मुख्य अतिथि वी.के. शर्मा ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए नए और पुराने साथियों से संगठन तथा उसके पदाधिकारियों के प्रति सम्मान और निष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने एकजुटता को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

## ईद-उल-अजहा पर महानगर में डायवर्जन प्लान लागू सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक कई मार्ग रहेंगे बंद

**मुरादाबाद।** महानगर में ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर यातायात पुलिस ने विशेष रुट डायवर्जन प्लान जारी किया है। चांद दर्शन के अनुसार 28 मई को मनाए जाने वाले बकरीद के अवसर पर थाना गलशहीद क्षेत्र स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की जाएगी, जबकि शहर की अन्य मस्जिदों में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक नमाज होगी। नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई गई है।यातायात पुलिस के अनुसार हनुमान मूर्ति तिराहा, इंपीरियल तिराहा, कोहिनूर तिराहा, इन्द्रा चौक, मंडी चौक और सम्भली गेट से शहर के अंदर जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इन मार्गों पर केवल पैदल लोगों को आने-जाने की अनुमति होगी।इसके अलावा कांठ और दिल्ली रोड से रेलवे स्टेशन तथा इंपीरियल तिराहा की ओर जाने वाले चार पहिया, तीन पहिया और भारी वाहन केवल फव्वारा तिराहा तक ही जा सकेंगे। फव्वारा तिराहा से आगे केवल दोपहिया वाहनों को अनुमति दी जाएगी।रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के संचालन में भी बदलाव किया गया है। बिजनौर और कांठ की ओर से आने वाली बसें सुबह 6 बजे तक सामान्य रूप से चलेंगी, जबकि उसके बाद नई तहसील और किला तिराहा से ही वापस लौट जाएंगी। वहीं सम्भल, दिल्ली और बिलारी रोड की बसें आजाद नगर मोड़ तक तथा रामपुर, बरेली, काशीपुर, टांडा और बाजपुर की ओर से आने वाली बसें काशीपुर तिराहा तक ही संचालित होंगी। यातायात विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि माल गोदाम से संचालित भारी वाहनों का शहर में प्रवेश सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर यातायात व्यवस्था में समयानुसार बदलाव भी किया जा सकता है।

# पुत्र व बहू पर वृद्ध महिला और बेटियों से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी 80 वर्षीय जायदा खातून ने अपने पुत्र मेराज आलम और उसकी पत्नी नाजिश खातून पर मारपीट, गाली-गलौज और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार मेराज आलम ने करीब एक माह पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते दूसरी शादी की थी। आरोप है कि शादी के बाद से वह और उसकी पत्नी आए दिन जायदा खातून तथा उनकी दो पुत्रियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। साथ ही मकान बेचने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। शिकायत में बताया गया कि 22 मई 2026 की सुबह करीब आठ बजे दोनों आरोपियों ने उनकी दोनों पुत्रियों के साथ मारपीट की। इस दौरान मोबाइल फोन भी तोड़ दिए गए और परिवार को घर से निकालने की धमकी दी गई। मारपीट में दोनों पुत्रियों के घायल होने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि घटना के दिन थाना ठाकुरद्वारा में तहरीर दी गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 25 मई को दोबारा शिकायत दर्ज कराई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने मेराज आलम और उसकी पत्नी नाजिश खातून के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भतीजों के साथ मारपीट व गाली गलौज, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम रूपपुर टंडोला में दो युवकों के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूपपुर टंडोला निवासी राजवीर सिंह पुत्र रिशाल सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया कि 26 मई 2026 की शाम करीब आठ बजे उनके भतीजे अजय और मनीष पुत्र धर्मवीर सिंह किसी काम से गांव से बाहर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में जयपाल सिंह के घर के सामने पहुंचने पर वहां खड़ा मोहित पुत्र जयपाल सिंह उन्हें देखकर गाली-गलौज करने लगा।

जब अजय और मनीष ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि जयपाल सिंह पुत्र हेमराज सिंह, मोहित तथा रेखा पत्नी जयपाल सिंह घर से बाहर आ गए और दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में दोनों को चोटें आईं। पुलिस ने राजवीर सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

## अवैध शस्त्र मामले में जेल व अर्थदंड की सजा

**चन्दौसी।** संभल पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध शस्त्र के एक मामले में दोषी को न्यायालय ने जेल और अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार थाना असमोली में वर्ष 2002 में दर्ज मुकदमा संख्या 224/2002 धारा 25 आयुध अधिनियम के मामले में अभियुक्त भूरा पुत्र छोटे निवासी ग्राम रचेटा थाना असमोली के विरुद्ध न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय जेएम-1 संभल ने आरा. 'पी को दोषी करार देते हुए दो दिन के कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस कार्रवाई में एपीओ रामविलास तथा कोर्ट पैरोकार कांस्टेबल आत्मानंद की भूमिका रही।

## संभल समेत कई जिलों में आंधी-तूफान और वज्रपात का अलर्ट

**चन्दौसी।** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर चेता. वनी जारी की है। विभाग के अनुसार संभल समेत पश्चिमी, मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में तेज हवाओं के साथ मौसम खराब होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुता. बिक कुछ क्षेत्रों में 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है, जबकि झोंकों के दौरान हवा की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की आशंका है। अलर्ट जारी किए गए जिलों में उत्तर प्रदेश के संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, सोनभद्र, झांसी, महोबा और ललितपुर समेत कई जिले शामिल हैं वज्रपात की भी संभावना जताई है। किसानों को सलाह दी गई है कि मौसम को देखते हुए फसलों और पशुओं की सुरक्षा के इंतजाम पहले से कर लें।प्रशासन को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। किसरौल स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता असलम खुर्शीद के नेतृत्व में पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर असलम खुर्शीद ने कहा कि पंडित नेहरू का त्याग, संघर्ष और बलिदान आज की राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1929 में पहली बार तिरंगा फहराकर पूर्ण स्वराज की मांग करने वाले नेहरू ने लंदन से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद देश की आजादी की लड़ाई में खुद को समर्पित कर दिया। उनका जीवन राष्ट्र सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक था।असलम खुर्शीद ने कहा कि अपनी चल-अचल संपत्ति देश को दान करने वाले नेता के खिलाफ



चरित्र हनन की राजनीति करना संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में पंडित नेहरू का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनूप दुबे, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भयंकर सिंह बौद्ध, अल्पसंख्यक विभाग चेयरमैन अफजल साबरी, राजेंद्र वाल्मीकि, मोहतशीम मुख्तयार, शहजाद खान, तस्लीम सिद्दीकी, अकरम अंसारी, मुकर्रम और पार्षद जुनैद सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन युवक कांग्रेस देहात विधानसभा अध्यक्ष अरमान खुर्शीद एडवोकेट ने किया।

# विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने 3.03 करोड़ की दो सड़कों का किया भूमि पूजन, निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुंदरकी, मुरादाबाद।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने विकास खंड कुंदरकी के



ग्राम हुसैनपुर छिरावली से 3 करोड़ 3 लाख रुपये की लागत की दो सड़कों का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया। इनमें ग्राम हुसैनपुर छिरावली से नानपुर तक 1.50 किमी लंबा मार्ग लागत 115.22 लाख और सुनारी से इमरतपुर उधो तक 2 किमी लंबा मार्ग लागत 188.63 लाख शामिल है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के समग्र विकास में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि ये सड़कें लंबे समय से खराब हालत में थीं, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती थी। अब नई सड़क बनने से बच्चों को स्कूल आने-जाने, किसानों को उपज बाजार तक पहुंचाने और आम जनता को सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। बरसात में यहां से निकलना मुश्किल हो जाता था। दोनों सड़कों का निर्माण तय समयसीमा में पूरा करा लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क देना सरकार की प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। क्षेत्रीय लोगों ने इन मार्गों के निर्माण की मांग की थी। विधायक के प्रयास से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मार्गों के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकार किया था। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, ग्राम प्रधान, स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में सभी ने क्षेत्र के विकास के लिए विधायक ठाकुर रामवीर सिंह का आभार जताया।

# टीएमयू फार्मेसी की स्मृति संध्या में आकिब मिस्टर और अरीबा चुनी गई मिस फेयरवेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी की फेयरवेल पार्टी- स्मृति संध्या में फार्मडी के आकिब को मिस्टर फेयरवेल और डीफार्म की अरीबा खान को मिस फेयरवेल चुना गया। फार्म डी के छात्र आदर्श को बेस्ट परफॉरमेंस के लिए स्टार ऑफ द ईव के खिताब से नवाजा गया। एम फार्म की छात्रा कु. वामा शर्मा को बेस्ट ऑउटफिट बी फार्म के छात्र पार्थ यादव को बेस्ट एंटरटेनर टाइटल्स से नवाजा गया। फार्म डी के स्टुडेंट्स ने कॉलेज लाइफ पर मनमोहक नाट्य-नृत्य की प्रस्तुति से अविस्मरणीय पलो को जीवंत किया। बी फार्म के स्टुडेंट्स ने उत्तम मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर ड्यूल पर्सनालिटी पर संवेदनशील नाट्य प्रस्तुति दी, जबकि डिप्लोमा फार्मेसी के स्टुडेंट्स ने सामाजिक सौहाद्रता, समावेशन और समरसता को लाकर एकता में शक्ति को प्रदर्शित करते हुए अपनी नाट्य प्रस्तुति दी। स्मृति संध्या में जूनियर और सीनियर छात्रों ने नृत्य, गीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रैंप वॉक




कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें स्टुडेंट्स ने पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रैंप वाक के बाद टास्क आधारित चुनोतियों और प्रश्नोत्तरी चरण के बाद मिस्टर और मिस फेयरवेल का चयन किया गया। ऑडिटोरियम के प्रवेश द्वार पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर स्टुडेंट्स ने उत्साहपूर्वक फोटोग्राफी कर यादगार पल संजोए। समारोह के दौरान स्टुडेंट्स ने अपने कॉलेज जीवन की सुनहरी यादें साझा कीं। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलवन के संग फेयरवेल पार्टी- स्मृति संध्या का ऑडी में शंखनाद हुआ। उप-प्राचार्य प्रो. मयूर पोरवाल ने स्टुडेंट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ स्मृति तिवारी और श्रीमती दीक्षा वर्मा ने जजेस की भूमिका निभाई और प्रतिभागियों का कम्युनिकेशन स्किल, प्रेजेंटेशन, और गुणवत्ता जैसे ही अन्य बिन्दूओ पर मूल्याङ्कन कर विजेताओं का चयन किया। फेयरवेल पार्टी में डॉ. आशीष सिंघई, श्री सिद्धांत त्यागी, डॉ. ललित नैनवाल, श्रीमती उर्वशी सक्सेना, डॉ. प्रीती यादव, डॉ पुष्पेन्द्र शुक्ला, डॉ आदित्य जैन, मानसी, अनुष्का, कृति रोहिल्ला, डॉ. आशुतोष पाठक आदि के संग-संग बीफार्म, डीफार्म, फार्मडी आदि के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

संचालन फैकल्टी डॉ. अनुराधा पवार ने किया।

## भीषण गर्मी में इंसानियत की मिसाल गांधी मूर्ति के निकट दुकानदारों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**बिलारी।** भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए बिलारी स्थित गांधी मूर्ति के निकट इब्राहिमपुर हाउस मॉल के दुक. ानदारों ने सराहनीय पहल करते हुए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई। दुकानदारों की इस नेक पहल की लोगों ने जमकर प्रशंसा की। राहगीरों का कहना था कि तपती गर्मी में इस तरह की सेवा मानवता की सच्ची मिसाल है। शरबत वितरण के दौरान क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और सहयोग का सुंदर माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुलफाम, रमेश सैनी, सरफराज, सोनू, अमित, मोनू, विकास चौधरी, कासिम, मोहम्मद फैजान सहित अन्य दुकानदारों का भरपूर सहयोग रहा। सभी ने मिलकर लोगों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि समाज में इस तरह की पहलें दूसरों को भी प्रेरणा देती हैं और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देती हैं।



## एक नजर

### ईद-उल-अजहा को लेकर बिलारी पुलिस का फ्लैग मार्च

**बिलारी।** ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिलारी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के निर्देशन में नगर के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। कोतवाली से चलकर ईदगाह रोड, मुख्य बाजार, प्रमुख चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल ने पैदल गश्त कर लोगों



को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान सीनियर सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार, अपराध निरीक्षक नरेश कुमार, कस्बा इंचार्ज सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों से संवाद कर आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही लोगों को आश्वस्त किया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ईद-उल-अजहा के पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नगर में लगातार गश्त एवं निगरानी की जा रही है ताकि आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। फ्लैग मार्च को देखकर लोगों ने पुलिस प्रशासन की सक्रियता की सराहना की और सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया।

### विवाहिता ने मायके पक्ष के लोगों पर मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक काजी की रहने वाली विवा. हिता ने मायके पक्ष के लोगों के विरुद्ध मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक काजी निवासी राखी पत्नी विराज सागर उर्फ दीपू ने मुकदमा दर्ज कराया कि 24 मई को उसके बच्चे दरवाजे पर खेलते हुए मायके के दरवाजे पर चले गए। जब वह अपने बच्चों को लेने दरवाजे पर पहुंची तो उसके पिता किशनपाल के अलावा भाई अवधेश, व उनकी पत्नी बबली के अलावा भाई अमरीश ने उनकी सास व नंद के साथ मारपीट की। इस बीच सास को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। तहरीर के बाद पुलिस ने पिता, भाई व भाभी पर मुकदमा दर्ज किया है।

### ज्यादा चक्कर लगाने की होड में डंपरों से हो रहे हैं आए दिन हादसे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कांठ- अमरोहा रोड पर कोठी खिदमतपुर के पास अनियंत्रित डंपर ने फिर कहर बरपाया। हनुमान मंदिर परिसर में घुसे डंपर ने तीन की जान ले ली जबकि चार गंभीर हैं। इसी के बाद एक बार फिर से लोगों में बेकाबू डंपरों को लेकर आक्रोश है। आरोप है कि बेकाबू डंपरों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।लोगों के अनुसार, मुरादाबाद मंडल




के पांचों जनपदों मुरादाबाद, अमरेहा, रामपुर, संभल व बिजनौर में उत्तराखंड से रेता-बजरफुट आता है। बिजनौर में डंपर मुरादाबाद के वाया ठाकुरद्वारा होकर प्रवेश करते हैं। अमरोहा के लिए दलपतपुर-अलीगंज मार्ग का प्रयोग करते हैं। मुरादाबाद की नेफा चौकी, ठाकुरद्वारा की सूर्यनगर चौकी व रामपुर की दढ़ियाल चौकी उत्तराखंड की सीमा से जनपदों में प्रवेश के मुख्य मार्ग हैं। यहां ज्वाइंट टीमें रहतीं हैं। सीसीटीवी से निगरानी रहती है। बावजूद डंपर चालकों व मालिकों की मनमानी जारी हैस कांठ होते हुए अमरोहा जाना होता है तो ठाकुरद्वारा मार्ग ही पकड़ते हैं। यहां से डिलारी, कांठ होते उमरी होते ही अमरोहा की सीमा में प्रवेश करते हैं। इसी रूट से डंपर आ रहा था। इसीलिए घटनास्थल अमरोहा-मुरादाबाद का बार्डर है। मुरादाबाद में प्रवेश के लिए ठाकुरद्वारा मार्ग के साथ दलपतपुर-अलीगंज मार्ग का प्रयोग करते हैं। संभल जनपद के लिए भी इस मार्ग का प्रयोग होता है। डींगरपुर होते होते हुए वाया चंदौसी डंपर आगे बढ़ते हैं। रामपुर में प्रवेश के लिए टांडा-मुरादाबाद मार्ग पर डंपर दौड़ते हैं। इससे पहले भी तमाम लोग जान गवां चुके हैं। बावजूद पुलिस, प्रशासन व आरटीओ की ओर से डंपर चालकों की रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### ईद को लेकर पुलिस अलर्ट निकाला फ्लैग मार्च

**कांठ( शाह टाइम्स )** ईद को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में नगर एवं क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर अवांछनीय तत्वों को सचेत किया गया है। गुरुवार को ईद उल अजहा का



पर्व मनाया जाना है जिसके लिए गांव-गांव नगर नगर नमाज अदा होनी है इसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू होना है पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई है। आज पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस फोर्स के साथ नगर एवं क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को शांतिपूर्वक ईद का पर्व संपन्न कराने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके पर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बिना नंबर प्लेट के चल रहे तीन डंपरों को किया सीज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** देर शाम हुई घटना के बाद आज कांठ पुलिस ने डंपरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर दी बिना नंबर प्लेट के चल रहे तीन



डम्परों को सीज किया है। बतादे कि क्षेत्र में चल रहे खनन के कारण सड़कों पर दिनभर तेज रफ्तार से डम्पर दौड़ रहे हैं जिनसे अक्सर कोई ना कोई हादसा हो जाता है मंगलवार की शाम को कोठी खिदमतपुर के पास ऐसे ही एक डंपर द्वारा तीन लोगों की जान चली गई और कई लोग उसमें घायल हुए घटना हालांकि अमरोहा क्षेत्र में हुई लेकिन कांठ पुलिस इसके बाद तुरंत सक्रिय हो गई आज डंपर चालकों पर शिकंजा कसा गया ट्रैफिक पुलिस ने भी तेज हॉर्न लगाकर चलने वाले ट्रक एवं डंपरों के खिलाफ कार्रवाई की तो थाना पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के सड़क पर दौड़ रहे तीन डंपरों को सीज कर दिया। अचानक पुलिस कार्रवाई से डम्पर चालकों में हड़कंप मच गया और दोपहर बाद सड़क पर डंपरों की आवाजाही भी कुछ कम हुई।



# ईदगाह में सुबह 8:00 बजे होगी ईद की नमाज

■ जानिए किस मस्जिद में किस टाइम होगी ईद की नमाज



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** ईद उल अजहा का त्यौहार 'आज' 28 मई को मनाया जाएगा। जिसे लेकर ईदगाहों, खानकाह और मस्जिदों में नमाज के बक्त को तय कर दिया गया है। नगर की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी। नगर की सबसे पहली नमाज बिलाल मस्जिद में सुबह 6:30 बजे होगी। हाजी बाबा खानकाह में ईद की नमाज सुबह 6:30 बजे होगी। नगर की जामा मस्जिद में 7:00 हाफिज अब्दुल मुक्तदिर अहमद, कादरी मस्जिद में सुबह 7:00 बजे मौलाना अफलाक रजा उवैसी, मस्जिद बिलाल में सुबह 6:30 बजे हाफिज शादाब रजा उवैसी, नफीस मस्जिद में सुबह 7:30 बजे हाफिज मजहर खान, मदीना मस्जिद में सुबह 7:30 मौलाना रफीक खां, मुंसिफी वाली मस्जिद में सुबह बजे हाफिज इमरान अदा कराएंगे।

इधर ग्राम पपगांव में ईद की नमाज सुबह 9:00 बजे मौलाना असलम रजा नूरी, गांव दवतोरा ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे मौलाना तस्लीम रजा अदा कराएंगे।

लक्ष्मीपुर की ईदगाह बिलाल मस्जिद में सुबह 8:00 बजे हाफिज अब्दुल हकीम रिजवी अदा कराएंगे। ग्राम मौजमपुर की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे हाफिज अब्दुल हक रिजवी अदा कराएंगे।

# सरसोता कुंड में मिला युवक का शव

■ संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के सरसोता कुंड में बुधवार सुबह सात बजे के लगभग एक युवक का शव पानी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कुंड से बाहर निकलवाकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान 21 वर्षीय जितेंद्र पुत्र लीलाधर निवासी गांव कोठा, थाना उधैती के रूप में हुई है। सरसोता कुंड में करीब पांच फुट पानी भरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने सुबह पानी में शव उतराता देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परि. जनों के अनुसार जितेंद्र अपने पिता लीलाधर की पांच संतानों में सबसे बड़ा था। परिवार में तीन बहनें और दो भाई हैं। जितेंद्र शादीशुदा था तथा उसका एक दो वर्ष का पुत्र भी है पारिवारिक विवाद के चलते वह पिछले दो-तीन दिनों से अपनी ससुराल ग्राम जलालपुर थाना जरीफनगर आया हुआ था सरसोता मंदिर के पुजारी श्याम गिरी ने बताया कि सुबह करीब सात बजे तक कुंड के आसपास सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ देर बाद लोगों ने पानी में युवक का शव देखा घटना की जानकारी फैलते ही इलाके में चर्चा का माहौल बन गया स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और पूरे मामले की गहन जांच होनी चाहिए लोगों ने आशंका जताई कि मामला केवल डूबने का नहीं भी हो सकता है।

इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि युवक की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल किशोर ने 14 दिन बाद तोड़ा दम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजुरिया नवीराम मार्ग पर 14 दिन पहले हुए एक भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 16 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खुटराया निवासी राजेश कुमार कश्यप का 16 वर्षीय पुत्र अमन कुमार कुछ दिन पहले अपनी रिश्तेदारी से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। इसी दौरान खजुरिया नवीराम मार्ग पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अमन और दूसरी बाइक का चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के तुरंत बाद राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलसंडा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अमन की स्थिति में सुधार न होने के कारण परिजनों ने उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां जिंदगी और मौत के बीच जूझते हुए मंगलवार देर रात 14 दिनों के इलाज के बाद अमन ने दम तोड़ दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिलसंडा थाना अध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि मृतक अमन की मां पुष्पा देवी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने बिलसंडा निवासी आरोपी बाइक चालक विकास गुप्ता (आढ़ती) के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और दुर्घटना करने के संबंध में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### कछला व अटैना घाट पर व्यवस्थाओं के संबंध में डीएम ने की बैठक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आहुत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभिन्न पर्व व स्नान घटना रहित हो, इस प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएं जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा हो।

कलेक्ट्रेट स्टेट अटल बिहारी वाजपेई सभागार में बुधवार को आहूत बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर स्थाई रूप से पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश व्यवस्था करने तथा पार्किंग व स्नान सीमा आदि हेतु बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकाश, पार्किंग, बैरिकेडिंग, डेंजर जोन, सेक्टर/जोन आदि को प्रदर्शित करने वाले संकेतक भी आवश्यक रूप से लगाए जांए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य घाटों पर भी व्यवस्थाएं कराई जाएं। डीएम ने स्थाई रूप से वॉच टावर की स्थापना करने हेतु मुआयना करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए इस अवसर पर एसएसपी अंकिता शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### बदायूं में पुण्यतिथि पर याद किए गए बाबू बालेश्वर लाल



शाह टाइम्स संवाददाता

**इस्लामनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर जी की 39 वीं पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जिला अध्यक्ष संजीव सक्सेना ने कहा कि बाबूजी ने एक छोटा सा पौधा ग्रामीण पत्रकारों को इकट्ठा करने के लिए लगाया था। जिसने आज बट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है। उत्तर प्रदेश के 70 जिलों के अलावा कई अन्य प्रदेशों में भी संगठन आगे बढ़ रहा है। श्री सक्सेना ने पत्रकारों से निवेदन किया है कि कोई भी पत्रकार ब्रेकिंग न्यूज को दहशत की न्यूज न बनाएं, क्योंकि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है। समाज उस पर बहुत भरोसा करता है लेकिन जल्दबाजी में हम लोग ब्रेकिंग न्यूज के रूप में कुछ गैर प्रमाणिक खबरें डाल देते हैं, जिसकी प्रतिक्रिया बहुत खराब होती है जिसका गलत संदेश जाता है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अजय जोहरी, कैलाश भारती, स्पर्श, शिखर, विनय कुमार, आई एम खान, उमेश शर्मा आदि दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

### दस जून तक ग्रामोद्योग विभाग के कौशल प्रशिक्षण हेतु कर सकते हैं आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत जनपद में ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवको-नवयुवतियो एवं परम्परागत कारीगरों जिनकी आयु सीमा 18 से 45 वर्ष तक है, उनको स्वावलम्बि बनाने हेतुं वित्तीय वर्ष-2026-27 में कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत सामान्य वर्ग हेतु जरी जरदोजी एवं दर्जी ट्रेड में एवं अनुसूचित जाति वर्ग में ब्यूटी पार्लर व दर्जी के आवे. दको को 15 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु 10 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाएंगे। विभागीय मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, पिपरौला शाहजहांपुर द्वारा कौशल सुधार प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इन विभिन्न ट्रेड्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु लाभार्थी ू.नचाअपइ.हवअ.पद पर 10 जून 2026 तक ऑनलाइन आवे. दन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय,मो0 -शहवाजपुर, जनपद-बदायूँ के दूरभाष नं0 05832-220159, 7408410766 पर भी प्रशिक्षण के सम्बन्ध में सम्पर्क किया जा सकता है।

### लेखपाल की गिरफ्तारी पर भड़का संघ, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** बरेली एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपाल विपिन पटेल की गिरफ्तारी के विरोध में लेखपाल संघ ने बुधवार को मीरगंज एसडीएम निधि शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर सवाल उठाए।

ज्ञापन में लेखपाल संघ ने आरोप लगाया कि सोमवार शाम करीब पांच बजे तहसील सदर बरेली में कार्यरत लेखपाल विपिन पटेल को एंटी करप्शन टीम ने तहसील परिसर से जबरन रुपये जेब में डालकर और मारपीट करते हुए अनुचित तरीके से गिरफ्तार किया। संघ का कहना है कि घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने लिखित बयान दिए हैं तथा इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।लेखपाल संघ ने कहा कि इस घटना से जनपद की सभी तहसीलों के लेखपालों में रोष और भय का माहौल है। संघ ने आरोप लगाया कि एंटी करप्शन टीम ने विधिक प्रक्रिया अपनाए बिना अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई की है, जिससे राजस्व विभाग के कर्मचारियों में कार्य को लेकर असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है।संघ ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि यदि कार्रवाई गलत पाई जाती है तो संबंधित प्रभारी निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।

# समर कैंप में रंगारंग प्रस्तुतियां और काव्य रस ने बांधा समां




शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** बेन-हर पब्लिक स्कूल में समर कैंप में दूसरे दिन माध्यांतर के बाद गर्ल्स सीनियर वर्ग में वॉलीबॉल व 3◦3 बॉयज बास्केटबॉल की प्रतियोगिता तथा जूनियर वर्ग में गर्ल्स लीग क्रिकेट व जूनियर वर्ग बॉयज में 3◦3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, कैम्प इंचार्जेस रोशनी बग्गा, नेहा पांडेय, निर्मला शर्मा ने मैचेज के पूर्व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राज. ेंद्र मौर्य ने मैच रेफरी का दायित्व संभाला। प्रतियोगिता के सभी मैच लीग के आधार पर खेले गए। जिसमें गर्ल्स 9जी जव 12जी सीनियर वर्ग मे वॉलीबॉल में 4 अंको से लूना हाउस प्रथम स्थान, 2 अंको से नोवा हाउस दूसरे स्थान, सॉलिस हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार बॉयज 9जी जव 12जी सीनियर वर्ग बास्केटबॉल की प्रतियोगिता में 4 अंको से नोवा हाउस प्रथम स्थान , 2 अंको से सॉलिस हाउस दूसरे स्थान, लूना हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार बॉयज 6जी जव 8जी जूनियर वर्ग बास्केटबॉल की प्रतियोगिता में 4 अंको से लूना हाउस प्रथम स्थान, 2 अंको से नोवा हाउस दूसरे स्थान, सॉलिस हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार गर्ल्स 6जी जव 8जी जूनियर वर्ग लेग क्रिकेट की प्रतियोगिता में 4 अंको से सॉलिस हाउस प्रथम स्थान , 2 अंको से नोवा हाउस दूसरे स्थान , लूना हाउस तृतीय स्थान पर रहा वहीं दूसरी तरफ बेन-हर पब्लिक स्कूल में समर कैंप के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, प्रतिभा और मनो. रंजन का अद्भुत संगम भी देखने को मिला। जूनियर विंग्स कक्षा 6 से 9 और सीनियर विंग्स कक्षा 10 से 12 के विद्यार्थियों के लिए ग्रुप डांस गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन आमरीन, अवधेश,साक्षी अग्रवाल एवं सरजीत आदि शिक्षकों ने गया। यहां सुलभ, साक्षी अलीना, संगीता, आमरीन,सैययदाअमन, देव, जूही, साक्षी, अमित, नवीन, अमोल, संगीता, असना, सरिता, डौली, सीमा, अनु, सुलभ, गीता, रीना, पीयूष सहित सभी शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बाह्य निरीक्षण किया। सभी ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं व वहां 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था है तथा सीसीटीवी कैमरे भी संचालित हैं।

जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरो की स्थिति का अवलोकन भी किया तथा उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर भी किए। राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों ने की गई व्यवस्थाओं पर अपना संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन सिंह सहित अन्य अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को डीएम ने प्रशस्ति पत्रा देकर किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अवनीश राय द्वारा जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य उत्कृष्ट ढंग से संपादित करने वाले प्रगणकों को बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



सम्मानित होने वालों में प्रगणकों में तहसील सदर के प्राथमिक विद्यालय सैजनी के सहायक अध्यापक जगत सिंह, प्राथमिक विद्यालय सकरी जंगल के शिक्षा मित्र दिनेश कुमार सक्सेना व उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंआ डांडा के सहायक अध्यापक शैलेन्द्र सागर आदि शामिल रहे। तीनों प्रगणकों ने अपने आवंटित क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं आंकड़ों के संकलन का कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 देश की भावी विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार है। सटीक आंकड़ों के माध्यम से शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में लगे सभी कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सीडीओ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रेन के नियमितीकरण पर जनता ने जताया आभार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने और रेल सुविधाओं में अभूतपूर्व विस्तार के लिए भाजपा एवं क्रांतिकारी विचार मंच परिवार ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। क्रांतिकारी विचार मंच (उत्तर प्रदेश) के प्रांतीय संरक्षक और वरिष्ठ किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने इस संदर्भ में पीलीभीत के सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हृदय से धन्यवाद किया है।



श्री सिद्धपीठ मां पूर्णागिरी टनकपुर से पीलीभीत के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को अब बीसलपुर और शाहजहांपुर तक चलवाने का निर्णय लिया गया है। इस महत्वपूर्ण कदम से पीलीभीत, बरखेड़ा, बीसलपुर और शाहज. हांपुर की स्थानीय जनता को सीधे तौर पर बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र के यात्रियों ने इस सौगात के लिए रेल मंत्रालय और स्थानीय जनप्रति. निधियों का आभार जताया है। मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम एक्सप्रेस हुई नियमित क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी यह है कि मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन को अब नियमित कर दिया गया है। साधारण किराए पर इस ट्रेन के चलने से बहेड़ी और पीलीभीत की जनता के लिए मथुरा, बड़ोदरा, सूरत और मुंबई तक की यात्रा बेहद सुगम और किफायती हो जाएगी। इस फैसले से व्यापारिक और सामा. जिक रूप से क्षेत्र का जुड़ाव देश के बड़े महानगरों से मजबूत होगा। ष्रेल सुविधाओं का यह विस्तार पीलीभीत, बहेड़ी और आस-पास के क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कम किराए में लंबी दूरी की यात्रा सुलभ कराकर सरकार ने आम जनता और किसानों को बड़ी सौगात दी है।

# ग्राम प्रधानों ने मनाया खुशी का इजहार मुख्यमंत्री के निर्णय का किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में नई शक्तियां और जिम्मेदारियां सौंपने के निर्णय का क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. डीसी वर्मा के कार्यालय पर ग्राम प्रधानों ने एकत्र होकर मिठाई वितरित की और खुशी जाहिर की।ग्राम प्रधानों ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह ऐतिहासिक निर्णय पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगा तथा गांवों के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने विकास कार्यों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।इस मौके पर ग्राम प्रधान सोनू कुर्मी, होरी लाल, मुनेन्द्र शर्मा, गुड्डू वर्मा, सोमपाल मुखिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फाइनल में गहलुईया की एकतरफा जीत

■ स्काई वॉरियर्स 34 रन पर ढेर, राज बने 'मैन ऑफ द सीरीज'

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** ग्राम ललुआ पंडरिया में 13 मई 2026 को शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन आज भव्य फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। गहलुईया और स्काई वॉरियर्स के बीच खेले गए खिताबी मुकाबले में गहलुईया ने 90 रन से करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल में स्काई वॉरियर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी गहलुईया टीम की शुरुआत खराब रही और शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने कड़ी मेहनत और संयम से पारी को संभाला। गहलुईया ने 16 ओवर में 124 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर स्काई वॉरियर्स को 125 रन का लक्ष्य दिया। 125 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काई वॉरियर्स की टीम गहलुईया के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बिखर गई। कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। पूरी टीम 11 ओवर में मात्र 34 रन पर ऑल आउट हो गई। गहलुईया के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और विपक्षी टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।



फाइनल हारने के बावजूद स्काई वॉरियर्स के खिलाड़ी राज को उनके पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। कमेटी सदस्यों ने राज को ट्रॉफी देकर शुभकामनाएं दीं। यहां पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू भैया, रजनीश पाण्डेय एडवोकेट, नवनीत मिश्रा, अमित ठाकुर पत्रकार समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे। फाइनल में अंपायर पंकज यादव ने अवनीश मिश्रा रहे। आयोजक रमन पाण्डेय, सुमित शुक्ला, तरुण पाण्डेय और उनकी टीम ने शानदार व्यवस्था की।

# महंगी किताब बेचने पर पीलीभीत के नामी लिटिल एंजेल स्कूल पर एक लाख का जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार द्वारा प्रबंधक / प्रधानाचार्य लिटिल एंजिल स्कूल पीलीभीत को निर्देशित किया गया था कि आप अपने विद्यालय में छब्म्त्ज की पुस्तकों का संचालन कराये तथा अन्य प्रकाशकों की महँगे रेट की पुस्तकों का संचालन बंद कर दें। परन्तु प्रधानाचार्य द्वारा अपने पत्र दिनांक 30-4-2026 द्वारा अवगत कराया गया कि CBSE के दिशा निर्देशों के अनुसार विद्यालय ने छात्रों के अध्ययन के हित में केवल शैक्षणिक उद्देश्यों के लिये पूरक अध्ययन सामग्री की व्यवस्था की है। जबकि शासन द्वारा विद्यालयों में NCERT की पुस्तकों का संचालन कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

प्रधानाचार्य द्वारा स्वीकार किया गया है कि विद्यालय में अंग्रजी व्याकरण की पुस्तक जिस पर विद्यालय का नाम अंकित है। उक्त पुस्तक 300 रुपये में उपलब्ध कराई गयी है। उक्त पुस्तक का संचालन हेतु केंद्र सरकार / राज्य सरकार अथवा ब्ठैम् बोर्ड की बिना अनुमति के किया जा रहा है, जो शासनादेश का घोर उल्लंघन है। जिला शुल्क नियामक समिति द्वारा सर्वसम्मति से अपर मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन के पत्र दिनांक 25 मार्च, 2026 अधिनियम के प्रस्तर 8 (10) में निहित प्राविधान के अनुसार लिटिल एंजिल स्कूल विद्यालय पर एक लाख रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित कर दिये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

जिला शुल्क नियामक समिति के निर्णयानुसार लिटिल एंजिल स्कूल विद्यालय पर एक लाख रूपये का दण्ड अधिरोपित करते हुए प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया है कि पत्र प्राप्ति के पन्द्रह दिवस के अन्दर दण्ड की धनराशि राजकोष में लेखा शीर्षक 0202-01-102-99-00 मद 23 में कोषागार चालान के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करें।

निर्धारित समयावधि में अधिरोपित दण्ड की धनरा. शि राजकोष में जमा सुनिश्चित करें निर्धारित समयावधि में अधिरोपित दंड की धनराशि राजकोष में जमा न करने की दशा में शासनादेश/विभागीय नियमों के अंतर्गत ब्याज सहित राजस्व वसूली की भांति कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व प्रबन्धक/ प्रधानाचार्य का होगा।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरिया।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर अमरिया में किशोरियों को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माहवारी से जुड़ी समस्याओं, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारियां साझा की गईं।

कार्यक्रम के दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारी. रिक एवं मानसिक बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इस उम्र में हार्मोनल बदलाव के कारण लड़कियों और लड़कों के शरीर में कई परिवर्तन होते हैं, जिनकी सही जानकारी होना जरूरी है ताकि किशोर- किशोरियां किसी प्रकार की घबराहट का शिकार न हों। किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सेनेटरी पैड के सही उपयोग, समय- समय पर पैड बदलने, शरीर एवं कपड़ों की साफ-सफाई रखने तथा इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संक्रमण और बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

कार्यक्रम में सुरक्षित यौन व्यवहार, सही उम्र में विवाह तथा गलत जानकारी और अफवाहों से बचने के प्रति भी जागरूक किया गया। खासतौर पर माहवारी के दिनों में स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। किशोरियों की काउंसलिंग भी की गई तथा उपस्थित सभी किशोरियों को सेनेटरी पैड एवं अन्य सामग्री वितरित की गई। यह कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिकेत गंगवार के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस दौरान बीपीएम जसीम हुसैन, बीसीपीएम मजहर, जिला समन्वयक अधिकारी अबसार अहमद एवं काउंसलर फरहत जहां सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# गोपाल शर्मा हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

■ हुक्का पीने के विवाद में 15 वर्षीय किशोर की हुई थी हत्या



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय गोपाल शर्मा हत्याकांड का पुलिस ने सात दिन बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ज्वाइंट सीपी राजीव नारायण मिश्र ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि 21 मई को गोपाल शर्मा के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस की कई टीमों का गठन कर किशोर की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान गोपाल का शव रोही गांव में एक खाली पड़े मकान से बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट मिलने की पुष्टि हुई थी।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तीन संदिग्धों की पहचान की। बुधवार को पुलिस चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेश और मोहित (निवासी रोही) तथा उमेश (निवासी चंपारण, बिहार) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गोपाल उनके साथ बैठकर हुक्का पीता था। कुछ दिन पहले गोपाल की दादी ने वहां पहुंचकर आरोपियों को डांट दिया था, जिससे वे नाराज थे। 21 मई को गोपाल जब उनके पास पहुंचा तो आरोपियों ने हुक्के में अधिक मात्रा में तंबाकू डालकर उसे पिलाया। बाद में उसे गांव के एक खाली मकान में ले गए, जहां दीवार में सिर मारने से गोपाल बेहोश हो गया। आरोपी उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रही कुकर्म, अंग काटने और तेजाब डालने जैसी चर्चाओं को पूरी तरह अफवाह बताया है। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस तरह की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

# जिले में शनिवार तक धारा-163 लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा 163 लागू कर दी है। यह आदेश तीन दिन के लिए, 28 मई से 30 मई तक प्रभावी रहेगा।

पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सार्वजनिक सभा और भीड़ एकत्र करने पर प्रतिबंध रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार के दौरान कुर्बानी, नमाज और अन्य धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। साथ ही विभिन्न किसान एवं अन्य संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन की भी संभावना है। इन परिस्थितियों को देखते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग किए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त या पुलिस उपायुक्त की पूर्व अनुमति के बिना पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी प्रकार का जुलूस, सभा या प्रदर्शन नहीं करेंगे। ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। केवल अधिकृत अनुमति मिलने पर ही इसका उपयोग किया जा सकेगा।

आदेश के अनुसार धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और जुलूसों में लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी नियम लागू रहेंगे। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक स्थलों पर ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा किसी भी धार्मिक स्थल, दीवार या सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक झंडे, बैनर, पोस्टर आदि लगाने पर रोक लगाई गई है। किसी भी समुदाय की भावनाएं भड़काने वाले भाषण, वीडियो, ऑडियो या सोशल मीडिया पोस्ट प्रसारित करने पर भी कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

पुलिस ने आदेश में हथियारों के प्रदर्शन पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। तलवार, भाला, फरसा, त्रिशूल, चाकू, लाठी, डंडा, हॉकी, ज्वलनशील पदार्थ और विस्फोटक सामग्री लेकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि सिख समुदाय द्वारा धार्मिक परंपरा के तहत रखे जाने वाले कृपाण को इससे छूट दी गई है। शादी और बारात समारोह में हर्ष फायरिंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर शराब या मादक पदार्थों के सेवन पर भी रोक लगाई गई है। खुले स्थानों और मकानों की छतों पर ईंट-पत्थर, सोडा वाटर की बोतलें या अन्य विस्फोटक सामग्री एकत्र करने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक चलेगी सिटी बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सिटी बस संचालन को लेकर बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने परियोजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही जल्द से जल्द इसे आम जनता के लिए समर्पित करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन बैठक के दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश और दोनों जीएम एसपी सिंह व एके आरोड़ा मौजूद रहे। नोएडा में पहले फेज में 100 सिटी बसों का संचालन किया जाना है। हालांकि नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना क्षेत्र में कुल 500 बस चलेंगी। जिनका रेशियों 50:25:25 का होगा। जेवर एयरपोर्ट के लिए 110 बस संचालित की जाएंगी। इसकी तरह तीनों प्राधिकरण भी इसका वायबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) भी 50:25:25 के रेशियो में देंगी। बसों के लिए सेक्टर-90 और बॉटेनिकल गार्डन में इंफ्रास्ट्रकचर तैयार किया जा रहा है। इस योजना से दो लाख लोगों को फायदा होगा। साथ यमुना के जुड़ने से जेवर एयरपोर्ट जाना आसान हो जाएगा। इसके तहत सेक्टर-90 में 20 ईवी चार्जिंग लगाए जाएंगे। प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन से दो बसों को एक साथ चार्ज किया जा सकता है। इसी तरह बॉटेनिकल गार्डन में 4 चार्जिंग स्टेशन होंगे। जिसमें आठ बसों को चार्ज किया जा सकेगा। दोनों स्टेशनों पर रात और दोपहर के सामय बसों को चार्ज किया जाएगा। बता दे एक बस फुट चार्ज के बाद 200 से 250 किमी की दूरी तय कर सकेंगी।

**जून के पहले सप्ताह में होगा ट्रायल:** जून के पहले सप्ताह में ई बस का ट्रायल होगा। ये ट्रायल डबल डेकर बसों के जरिए किया जाएगा। इसके 15 से 25 जून के बीच सभी बस आ जाएंगी। जिसके बाद इनको रुट पर उतार दिया जाएगा। डबल डेकर के अलावा सभी 90 बस 12 मीटर की होंगी। ये बस नोएडा के एमपी-1,2,3 जोनल रोड नंबर-6 और एक्सप्रेस वे पर चलेंगी।

**10 से 30 रुपए होगा किराया:** बसों का रूट दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक होगा। इसके लिए मिनिमम किराया 10 और अधिकतम 30 रुपए देने होंगे। मासिक पास कितने का होगा इस पर मंथन किया जा रहा है। टिकट ऐप बेस और मैन्यूवल भी लिए जा सकेंगे। जिन रूटों पर सिटी बस चलेंगी वहां से ई रिक्शा को हटाया जाएगा। जीएम एसपी सिंह ने बताया कि दो दिनों में एमओयू की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**15-15 मिनट के अंतराल पर मिलेंगी बस:** यहां बस चलने से करीब 2 लाख लोगों को फायदा होगा। बसों की शुरुआत जून के पहले सप्ताह में होने जा रही है। 15-15 मिनट के अंतराल पर बस मिलेंगी। कुल 100 बस चलेंगी 5 स्टैंड बाइ पर रहेंगी। इसमें 10 डबल डेकर बस होंगी। ये डबल डेकर बस बोटेनिकल गार्डन से परिचौक तक चलेंगी। नौ और 12 मीटर की दो प्रकार की करीब 100 बस पहले फेज में चलेंगी। इनका संचालन यूपी रोडवेज करेगा।

## हत्या की घटनाओं से जिले में दहशत...

# एक महीने में हुई कई वारदातों ने कानून व्यवस्था पर खड़े किए सवाल


**प्रवेश सिंह दतानियां**

**नोएडा ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** गौतमबुद्ध नगर जिले में पिछले एक महीने के दौरान सामने आई हत्या की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में चिंता और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। अलग-अलग स्थानों पर हुई इन वारदातों ने जहां आम जनता को झकझोर दिया है, वहीं पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं के बाद कई इलाकों में तनाव और भय की स्थिति बनी रही, जबकि पुलिस ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज की।

संदिग्धों की तलाश, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण और गवाहों से पूछताछ के जरिए मामलों को सुलझाया गया। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात्रि गश्त और निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। अब आपको मई के महीने में हुई बड़ी घटनाओं के बारे में बताते हैं। ये वो घटनाएं हैं जिसने एक तरह से लोगों में दहशत पैदा कर दी है।

**किन्नर मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी की हत्या:-**24 मई को थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के गांव तुगलपुर में किन्नर मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले में थाना नॉलेज पार्क में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था।ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर गांव में किन्नर मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ मोना उर्फ मानव (26) निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई है।

## कूड़ा डालने के विवाद में साजन भाटी की हत्या



5/6 मई की रात थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम साकीपुर में हुई थी। नाली के पानी की निकासी और कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में एलएलबी छात्र साजन भाटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में वीर सिंह, मंगेश उर्फ टिल्लू (दोनों भाई) और उनकी मां वीरवती को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से आरोपी नेमपाल उर्फ मैमपाल फरार चल रहा था। थाना सूरजपुर पुलिस ने स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आज नेमपाल उर्फ मैमपाल को मोजरबीयर गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि 5/6 मई की रात साजन भाटी एक शादी समारोह से वापस आया था। घर के बाहर खड़े टिल्लू और उसके भाइयों ने उसके साथ विवाद किया और फिर उसे तीन गोलियां मार दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

## 15 वर्षीय गोपाल शर्मा हत्याकांड



जेवर क्षेत्र के बनवारीवास गांव में 15 वर्षीय गोपाल शर्मा 21 मई को लापता हो गया था और अगले दिन उसका शव बरामद हुआ। परिजनों का आरोप है कि हत्यारों ने शव के अंग भी क्षत-विक्षत कर दिए थे। इस अमानवीय घटना के बाद से गांव और आसपास के क्षेत्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को जेवर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. बताया जा रहा हुक्का पीने वाले लोगों ने ही की गोपाल की हत्या थी। पुलिस का दावा है कि कुछ दिन पहले गोपाल की दादी ने आरोपियों को हुक्का पिलाने के कारण डांटा था बस इसी बात से आरोपी नाराज चल रहे थे। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी नरेश महतो (बिहार) और उमेश सिंह (रोही) को पैर में गोली लगी है।

## ड्यूटी जा रहे दीपक नागर की गोली मारकर हत्या



ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र स्थित वैदपुरा गांव में 20 मई 2026 की रात को 28 वर्षीय दीपक नागर ड्यूटी पर जा रहे थे. इसी दौरान दीपक नागर की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस का दावा है कि पुरानी रंजिश की आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर इस हत्याकांड का न सिर्फ पर्दाफाश किया, बल्कि गुरुवार को एक मुठभेड़ के बाद दो मुख्य शूटरों को घायल अवस्था गिरफ्तार किया और साजिश रचने वाले चार अन्य आरोपियों को भी सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

## विवाहिता दीपिका नागर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



जलपुरा गांव में 17 मई की रात विवाहिता दीपिका नागर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना में मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर पति समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। दीपिका के पिता का आरोप है कि हत्या करने के बाद उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दीपिका के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। पीएम रिपोर्ट की चोटों के हिसाब से दीपिका को यातना दी गई थी।दहेज हत्या के आरोप में सास पूनम और चाचा ससुर विनोद को गिरफ्तार कर लिया है।

**सनकी युवक ने की महिला की हत्या:** 21 मई को मूलरूप से बिहार के छपरा निवासी सुरेंद्र शर्मा अपने परिवार के साथ हरौला में रहते हैं। शनिवार रात परिवार के लोग कमरे के बाहर गलियारे में सो रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला आरोपी हरे राम छत के रास्ते घर में घुस आया। बताया जा रहा है कि आरोपी बड़ी बेटी ज्योति पर शादी का दबाव बना रहा था, जबकि परिवार ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था।

इसी रंजिश में उसने परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में सुरेंद्र शर्मा की पत्नी संजू देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि सुरेंद्र शर्मा, उनकी दोनों बेटियां ज्योति और जूली गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। ज्योति की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। घटना के बाद हमला करने वाले आरोपी हरे राम को सोमवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

सेक्टर-14 स्थित गंदे नाले के पास हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी चोरी की स्कूटी पर सवार था, जो नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल छुरा, तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए।

**फावड़ा मारकर दो मजदूरों की हत्या:** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में 8 मई 2026 को एक निर्माणाधीन हॉस्टल में दो मजदूरों की धारदार हथियार (फावड़े) से बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।मारे गए मजदूरों की पहचान इंद्र और शीशपाल के रूप में हुई है, जिनकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी और वे उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले थे। दोनों वहां माली का काम करने आए थे। इस दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी उनका ही साथी मजदूर अभिषेक था, जिसे पुलिस ने घटना के अगले ही दिन 9 मई 2026 को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच के अनुसार, कमरे में रहने वाले तीनों मजदूरों (इंद्र, शीशपाल और अभिषेक) के बीच रात में शराब पार्टी हुई थी। शराब के नशे में किसी बात को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि अभिषेक ने फावड़े से हमला कर दोनों की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी अभिषेक करीब 4 घंटे तक शवों के पास ही बैठा रहा और शराब पीता रहा।

**पैसों के विवाद में दीपक की चाकू मारकर हत्या:** 17 मई को नोएडा में सेक्टर 63 थाना क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में महज पैसे के विवाद को लेकर 20 वर्षीय युवक दीपक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हालांकि पुलिस ने अगले ही दिन घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश अमन और संदीप पैर में गोली मारकर पकड़ा। वहीं, मौके से भाग रहे दो अन्य बाल अपचारियों को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान दबोच लिया।

## तालाब में डूबे युवक का शव मिला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के सादुल्लापुर गांव में मंगलवार को तालाब में डूबे युवक का शव बुधवार की सुबह मिल गया। एनडीआरएफ की टीम को पानी में शव की तलाश के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। सेक्टर इकोटेक-3 थाने की पुलिस के मुताबिक पलवल हरियाणा का रहने वाला 32 वर्षीय कैलाश सादुल्लापुर गांव में बुआ के घर आया था। युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। वह नशा भी करता था। वह मंगलवार को गांव के तालाब के किनारे पहुंचा और अपने कपड़े उतारकर पानी में कूद गया। तालाब के पास खेल रहे एक बच्चे ने उसे कूदते हुए देखा था।सूचना पर पुलिस, फायर, गोताखोर एवं एनडीआरएफ की टीम ने मंगलवार की देर शाम तक युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया।

# सेक्टरों में तीन घंटे तक कट रही बिजली, गर्मी से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में लोगों को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही। बुधवार को 15 से अधिक सेक्टरों में लोगों को 30 मिनट से लेकर तीन घंटे तक की कटौती झेलनी पड़ी। बिजली फीडर और लाइनों में ट्रिपिंग तथा फॉल्ट की वजह से बत्ती गुल हुई। इस दौरान गर्मी से लोग बेहाल रहे। लोगों का आरोप है कि विभाग में शिकायत करने पर भी सुनवाई नहीं हो रही।

**बिजली कटौती के कारण:** सेक्टर-15 में स्थानीय फॉल्ट की वजह से लोगों को कटौती झेलनी पड़ी। स्थानीय कंट्रोल रूम के नंबर पर शिकायत करने समस्या का समाधान हुआ। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुमेर सिंह रावत ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही कटौती बढ़ती जा रही है। सेक्टर में बिजली की लाइनों में ट्रिपिंग की समस्या आ रही है। सेक्टर-22 में भी लोकल फॉल्ट की वजह से लोगों को कटौती का सामना करना पड़ा। यहां रहने वाले मदन शर्मा ने बताया कि दिन भर में तीन से चार बार बत्ती गुल हुई। 20 मिनट से लेकर 60 मिनट तक कटौती का सामना करना पड़ा। उनका आरोप है कि टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत करने के बाद सुनवाई नहीं हो रही। सेक्टर-122 के निवासी भंवर सिंह भाटी ने बताया कि भीषण गर्मी में कटौती से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बगैर बिजली के दैनिक कामकाज प्रभावित हुए। सेक्टर-49 बरौला गांव के निवासी अनिल चौधरी ने बिजली कटौती की शिकायत की। वहीं, औद्योगिक सेक्टरों में भी आपूर्ति बाधित होने से उद्यमियों को परेशानी झेलनी पड़ी। उत्पादन की लागत बढ़ गई। इसके अलावा सेक्टर-11, 12, 19, 20, 22, 27, 31, 34, 36, 37, 40, 44, 49, 50, 51, 53 55, 56, 59, 66, 71 और सेक्टर-104 आदि में लोगों को बिजली कटौती झेलनी पड़ी। देहात क्षेत्र दादरी, जेवर, रबूपुरा, शहाबेरी आदि कस्बे और गांवों में भी लोग गर्मी में कटौती से परेशान रहे।

**बारिश में मुसीबत बढ़ेगी:** शहर में अगले एक-दो दिनों में बारिश आने वाली है। ऐसे में झमाझम बारिश और आंधी की वजह से बिजली की लाइनें और फीडरों पर ट्रिपिंग की वजह से सप्लाई बाधित होने की आशंका है। बीते दिनों भी आई आंधी-बारिश से उपभोक्ताओं को कई घंटे तक कटौती झेलनी पड़ी थी।

# नवविवाहिता की मौत मामले में पति समेत तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर-63 क्षेत्र में रहने वाली नवविवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में पति समेत तीन लोगों को बुधवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने आरोपियों को दहेज हत्या के आरोप में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला कासगंज निवासी अभिषेक पाल सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। करीब छह माह पूर्व उसका विवाह कासगंज निवासी पूजा से हुआ था। शादी के बाद से अभिषेक सेक्टर-63 क्षेत्र की कॉलोनी में बने घर में पूजा के साथ किराये पर रह रहा था। अभिषेक सोमवार सुबह ड्यूटी करने कंपनी चला गया।

वह शाम को घर लौटा तो कमरे में पंखे के सहारे पूजा का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया और परिजनों को सूचना दी।

परिजन मंगलवार को नोएडा पहुंचे तो उन्होंने अभिषेक पाल, उसके पिता छत्रपाल और सास कुसुम पर दहेज के लिए पूजा की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उनका कहना था कि ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर पूजा को प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर बुधवार दोपहर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## एक नजर

### तीन घरों से जेवरात और नगदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** सेक्टर और सोसाइटी के तीन अलग-अलग घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोर घरों से नगदी और जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है। सेक्टर अल्फा वन में रहने वाले केशव गर्ग ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि मंगलवार को दनकौर अपने गांव गए थे। इसी बीच चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। अगले दिन चोरी का पता चला। चोर सीसीटीवी में कैद हुए हैं। बीटा दो कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, सेक्टर डेल्टा वन निवासी राजीव सिंह ने पुलिस को बताया कि 23 मई को वह भाई के घर गए थे। अगले दिन घर पहुंचे तो पता चला कि चोर खिड़की से कमरे में घुसे और नगदी-जेवरात चुरा कर ले गए। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, बीटा दो कोतवाली क्षेत्र की अंसल गोल्फ लिंक वन सोसाइटी में सुमित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सुमित ने पुलिस को बताया कि उनके घर की खिड़की निकाल कर चोर अंदर घुसे और घरेलू सामान चोरी कर ले गए।

### घर के बाहर खड़ी कारों में तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी दो कारों में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, यह घटना 25 मई को सूरजपुर कस्बे की शिव मंदिर वाली गली में हुई। पीड़ित की अपनी कार और पड़ोसी गजेंद्र थारी पुत्र सुभाष चंद की कार घर के सामने खड़ी थी। इसी दौरान रोकी, रौनक, अशोक और 8-9 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और दोनों वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। घटना के पीछे वाहन खड़ा करने को लेकर पुराना विवाद बताया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने पहले भी वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद किया था और कुछ दिन पहले भी उनकी गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया था। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पीड़ित के पास मौजूद है।

### किशोरी ने मानसिक तनाव में जान दी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर 5 स्थित हरौला गांव में रहने वाली किशोरी ने मानसिक तनाव के चलते मंगलवार रात पंखे से फंदा लगा लिया। भाई ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हरौला गांव में 17 वर्षीय किशोरी अपने भाई और पिता के साथ रहती थी। परिवार मूलरूप से बिहार के जिला नवादा का रहने वाला है। वर्तमान में किशोरी के पिता गांव गए हैं। वह कमरे में दो भाई के साथ रह रही थी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात अज्ञात कारण से किशोरी ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा एयरपोर्ट पर रनवे के पास आपातकालीन मार्ग बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातकालीन मार्ग तैयार किया जाएगा। यह 140 मीटर लंबा और सात मीटर चौड़ा मार्ग रनवे की पूर्वी दिशा में बाउड्री वॉल पर लगे गेट के सामने बनेगा। इसे 30 मीटर कार्गो सड़क से जोड़ा जाएगा। इस मार्ग से संकट के समय राहत एवं बचाव कार्य, सुरक्षा सेवाओं को एयरपोर्ट तक पहुंचने में आसानी होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल अधिकारी ने बताया कि इस सड़क की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि आपदा, तकनीकी संकट या फिर आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह मार्ग वैकल्पिक व त्वरित संपर्क व्यवस्था के रूप में काम करेगा।

इससे आपातकालीन संचालन बिना बाधा जारी रह सकेगा। अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत बड़े एयरपोर्ट पर वैकल्पिक आपातकालीन पहुंच मार्ग तैयार किए जाते हैं, ताकि रनवे और संवेदनशील क्षेत्रों तक कम समय में पहुंचा जा सके। ये मार्ग सिर्फ सुरक्षा दृष्टि से ही नहीं बल्कि एयरपोर्ट की आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। भविष्य में एयरपोर्ट पर यात्रियों और उड़ानों की संख्या बढ़ने के बाद ऐसी व्यवस्था और अधिक जरूरी हो जाएगी।नोएडा एयरपोर्ट से 15 जून को पहली उड़ान बेंगलुरु और लखनऊ के लिए उड़ान भरेगी।

# ईद-उल-अजहा आज, गुलजार हुए बाजार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईद-उल-अजहा अकीदत, उत्साह और जज्बा-ए-कुर्बानी के साथ बृहस्पतिवार को मनाई जाएगी। इसकी पूर्व संध्या पर बाजारों में देर रात तक चहल-पहल रही। लोगों ने कपड़े, सेवइयां, मसाले, मिठाइयां और कुर्बानी से जुड़ीं जरूरतों की खरीदारी की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कुर्बानी दी जाएगी।

**क्यों खास होती है यह ईद:** ईद-उल-अजहा को बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। इसे त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व माना जाता है। इस दिन हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में जानवरों की कुर्बानी दी जाती है और उसका मांस जरूरतमंदों व रिश्तेदारों में बांटा जाता है। लोगों का कहना है कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और मदद का भी संदेश देता है।

**पर्व के लिए खास तैयारी:** शहर की बड़ी मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। सभी मस्जिद में नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें तैनात रहेंगी। वहां दो पारी में नमाज अदा दी जाएगी। जो कि एक रात पहले से ही पुलिस की तैनाती देखी जा रही है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। ऐसे कई लोग होंगी जिन्होंने कई दिनों तक कुर्बान करने वाले जानवर को पाला होगी जिसकी उनको आज कुर्बानी भी देनी होगी।

**बाजार रहे गुलजार:** बाजारों में देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। कपड़ों की दुकानों, इत्र, टोपी, जूतों और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बच्चों और युवाओं में ईद को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। कई परिवारों ने रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए उपहार भी खरीदे। सेक्टर-8 के मौलाना कारी नाजिम ने लोगों से ईद को शांति, सौहार्द और स्वच्छता के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही कुर्बानी के दौरान प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने को भी कहा गया है।

# हनुमान मन्दिर में हादसे के आरोपी चालक को भेजा जेल

## बीते दिन मंदिर परिसर में मौत बनकर घुसा था डम्पर, मासूम समेत तीन श्रद्धालुओं की हुई थी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हनुमान मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ के दौरान हुए हादसे में हुई तीन श्रद्धालुओं की मौत के जिम्मेदार उत्तराखंड के डंपर चालक देवेंद्र सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में चालक ने हादसे का कारण डंपर के ब्रेक की प्लेट आपस में चिपकने बताया है। इसी कारण अनियंत्रित होकर डंपर मंदिर परिसर में पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं पर चढ़ गया था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की सुरक्षा में मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। एहतियातन घटनास्थल पर पुलिस बल की तैनाती को बरकरार रखा गया है। हालांकि, मामले में अभी तकनीकी समिति की रिपोर्ट नहीं मिली है।

गौरतलब है कि शाम करीब 6:30 बजे कांठ मार्ग पर बजरी से लदा डंपर बेकाबू होकर सड़क किनारे स्थित



आरोपी चालक

**■ गर्मी से चिपकी ब्रेक प्लेट, चालक का दावा**

हनुमान मंदिर परिसर में घुस गया था। यहां सुंदरकांड का पाठ चल रहा था। जिसमें लगभग 20 से 25 श्रद्धालु मौजूद थे। हादसे में गांव छावी निवासी परम सिंह, गांव नारायणपुर निवासी महिपाल सिंह व रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर पट्टी निवासी पांच साल के आर्यवीर की मौत हो गई थी। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने महीपाल का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। करीब तीन घंटा तक जाम लगाए रखा था। डंपर में भी तोड़फोड़ भी की गई थी। डीएम डा. नितिन गौड़ व एसपी लखन सिंह यादव के साथ सीओ अभिषेक यादव, अवधभान भदौरिया व कई थानों की पुलिस ने मौके पर जाकर हालात संभाले थे तथा ग्रामीणों का गुस्सा शांत कर जाम खुलवाया था। मंगलवार रात में ही तिगरी गंगा घाट पर आर्यवीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया था जबकि, बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परम सिंह व महीपाल सिंह का भी अंतिम संस्कार कर दिया गया।मामले में देर रात गांव नारायणपुर निवासी महेंद्र सिंह की तहरीर के आधार पर डंपर के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी डंपर चालक देवेंद्र सिंह निवासी गांव किलावटी थाना कुंडा उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक चालक ने बताया कि डंपर ऑटोमैटिक है। ब्रेक की प्लेट गर्मी के के कारण आपस में चिपक गई थी। इस कारण ब्रेक नहीं आए तथा डंपर अनियंत्रित होकर मंदिर के पास पंडाल में जा घुसा था। वहीं, मामले में डीएम स्तर से गठित तकनीकी समिति की रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिल सकी है। जिसके बाद ही हादसे की असली वजह सामने आएगी।

### दूसरे दिन भी पसरा रहा मातम

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। हनुमान मंदिर परिसर में हुए दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के गांवों में मातम पसरा हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव छावी निवासी परम सिंह और नारायणपुर निवासी महीपाल सिंह के घरों पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांवों में हर आंख नम दिखाई दी।

### हादसे की जांच के लिए टीम गठित

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। मंदिर हादसे में गिरफ्तार डंपर चालक देवेंद्र सिंह ने पूछताछ में ब्रेक प्लेट गर्मी के कारण चिपकने की बात कही है। चालक के मुताबिक इसी वजह से डंपर के ब्रेक नहीं लगे और वाहन अनियंत्रित होकर मंदिर परिसर में जा घुसा। हालांकि पुलिस का कहना है कि डीएम स्तर से गठित तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### गांव में अभी भी पुलिस तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। मंदिर परिसर में हुए हादसे के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। घटना के बाद ग्रामीणों के आक्रोश और जाम को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बुधवार को भी मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं प्रशासन की ओर से हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# छात्रा से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

## कोर्ट ने 35 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। छात्रा से दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई जजबकि 35 हजार रूपये का जुर्माना भी सुनाया। जबकि पीड़िता की भाभी से दुकर्म के आरोपी को कोर्ट नेस साक्ष्य अभाव में बरी कर दिया।

24 नवंबर 2022 का मामला अमरोह शहर से जुड़ा था। यहां एक कारोबारी का परिवार रहता है। कारोबारी की नाबालिग बेटी उस वक्त एक इंटर कॉलेज की छात्रा थी। घटना वाले दिन वह अपनी भाभी के साथ शहर के ही बाजार में चूड़ी खरीदने गई थी। खरीदारी करने के बाद दोनों घर लौट रही थीं। रास्ते में पीड़िता की भाभी उसे अपनी सहेली के घर ले गई, जहां पर मोहल्ला जट बाजार निवासी सैफ अली और शजाउल पहले से बैठे हुए थे। उस समय घर में सहेली मौजूद नहीं थी। इसी दौरान दोनों ननद-भाभी घर लौटने लगीं, तभी सैफ अली और शजाउल ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। सैफ अली पर नाबालिग छात्रा तो वहीं शजाउल पर भाभी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा था। दोनों ने किसी के भी सामने घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में 1 दिसंबर 2022 को दोनों दोस्तों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक ने 30 दिनों के भीतर जांच पूरी कर चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी थी। मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो एक्ट कोर्ट में चल रही थी। मंगलवार को अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली व साक्ष्यों का अवलोकन किया। नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म में सैफ अली को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 35 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। वहीं, पीड़िता की भाभी से दुष्कर्म में आरोपी शजाउल को कोर्ट ने साक्ष्यों अभाव में बरी कर दिया।

# शादी का सपना दिखाकर प्रेम जाल में फंसाया

## गर्भपात व धर्म परिवर्तन का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बछरायूं**। केरल की हसीन वादियों से प्यार के भरोसे अमरोहा पहुंची एक युवती की कहानी अब दर्द, धोखे और आरोपों की दास्तां बन गई है। त्रिवेंद्रम की रहने वाली युवती ने बछरायूं के युवक पर प्रेमजाल में फंसाकर जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि पहले शादी के सपने दिखाए गए, फिर शारीरिक संबंध बनाए गए, गर्भ ठहरने पर जबरन गर्भपात कराया गया और बाद में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर उसकी धार्मिक भावनाओं से भी खिलवाड़ किया गया।

पीड़िता द्वारा थाना बछरायूं में दी गई तहरीर के अनुसार करीब पांच साल पहले उसकी मुलाकात मोहल्ला बकाबाद निवासी फरमान पुत्र इदरीश से त्रिवेंद्रम के एक सैलून में काम करने के दौरान हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत दोस्ती में बदली और फिर प्यार का रिश्ता बन गया। युवती का आरोप है कि फरमान ने शादी का भरोसा देकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। युवती के मुताबिक फरमान उस पर भरोसे और प्यार का ऐसा जाल बुनता रहा कि वह सबकुछ छोड़कर उसके साथ अमरोहा आ गई। इस दौरान आरोपी लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती का आरोप है कि गर्भवती होने पर उसे

**■ तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

जबरन दवा खिलाकर गर्भपात कराया गया। तहरीर में युवती ने यह भी आरोप लगाया कि फरमान उस पर लगातार धर्म परिवर्तन का दबाव डालता था। युवती हिंदू पंडित परिवार से संबंध रखती है। उसका कहना है कि एक दिन आरोपी ने जबरदस्ती उसे मांस खिला दिया, जिससे उसकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब युवती ने फरमान के भाई फैजान पर भी दुष्कर्म का आरोप लगाया। वहीं फरमान के बहनोई सरफराज पर जान से मारने की धमकी देने और गाली-गलौज करने का आरोप है। पीड़िता का कहना है कि अब फरमान दूसरी जगह शादी करने की तैयारी कर रहा है और विरोध करने पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर फरमान, फैजान और सरफराज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# हसनपुर में भ्रूण लिंग परीक्षण रैकेट का पर्दाफाश

## हरियाणा व दिल्ली की संयुक्त टीम ने मारा छापा, छह लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़े अंतर्राज्यीय भ्रूण लिंग

**■ पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन समेत संचालक को दबोचा,**

**■ 35 से 50 हजार रूपये लेकर कर रहे थे भ्रूण लिंग परीक्षण**

परीक्षण रैकेट का पर्दाफाश किया है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के तहत गंगा बांध के नजदीक स्थित गांव चक की मड़ैया सतैड़ा में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने एक मकान पर छापेमारी कर अवैध रूप से लिंग परीक्षण कर रहे गिरोह को रंगे हाथों दबोचा। इस कार्रवाई में दिल्ली और हरियाणा से आये आरोपियों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

यह पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय और सुनियोजित तरीके से की गई। हरियाणा के रोहतक से पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. विश्वजीत राठी, झज्जर से डॉ. संदीप दलाल और अमरोहा के नोडल अधिकारी डॉ. जसकरन सिंह गंगवार के नेतृत्व में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने अमर सिंह के मकान पर अचानक छापा



मारा। जब टीम मकान के भीतर दाखिल हुई, तो वहां पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से भ्रूण लिंग परीक्षण किया जा रहा था। अधिकारियों को देखकर मशीन संचालक और मुख्य आरोपी देवेंद्र निवासी करनखाल मौके से भागने लगा। टीम ने पीछा कर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल से उसे दौड़ाकर दबोचा। हरियाणा के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वजीत राठी ने बताया कि विभाग को इस अवैध रैकेट की लगातार सूचना मिल रही थी। जिसके बाद से टीम इन पर निगरानी रख रही थी। दलालों के माध्यम से दिल्ली और हरियाणा की महिलाओं को यहां लाया जाता था। जांच में सामने आया कि भ्रूण लिंग परीक्षण की एवज में मोटी रकम वसूली जा रही थी। जिसमें ईशा (निवासी निलोठी, विकासपुरी, दिल्ली): 35,000 रुपये, मोनिका (निवासी साहलाबाद, झज्जर से 48,500 रुपये, अमित (निवासी महमफरमाना, रोहतक से 35,000 रुपये वसूले गए। सफलतापूर्वक छापेमारी की सूचना मिलते ही स्थानीय नायब तहसीलदार नेहा सागर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ध्रूवेंद्र सिंह और भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गए। टीम ने मौके से अवैध लिंग परीक्षण में इस्तेमाल की जा रही पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और आरोपियों के कब्जे से कुल 1 लाख 33 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी देवेंद्र, बिट्टू उर्फ विपिन,दलाल रविंद्र (निवासी झज्जर) सहित परीक्षण कराने आईं महिलाओं समेत छह को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# भ्रूण लिंग जांच माफियाओं को स्वास्थ्य विभाग का संरक्षण

## हरियाणा व दिल्ली की टीमें कर चुकीं कई खुलासे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। जनपद के स्वास्थ्य महकमे की कार्यप्रणाली पर अब सवाल नहीं, बल्कि सीधा हमला हो रहा है। आखिर क्या वजह है कि जब भी जनपद में भ्रूण लिंग परीक्षण के काले धंधे का पर्दाफाश होता है। तो उसका सेहरा हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के सिर ही बंधता है। क्या हमारे स्थानीय आला अफसर कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं। या फिर सच में सैंया भए कोतवाल, तो डर काहे का?

जनपद की गलियों में यह चर्चा आम है कि यहाँ का स्वास्थ्य विभाग सफेद हाथी बन चुका है। छापेमारी की सूचनाएं हरियाणा से आती हैं। टीमें वहां से चलती हैं और अपराधी यहाँ पकड़े जाते हैं। ऐसे में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की इंटेलीजेंस और विजिलेंस पर थू-थू होना लाजिमी है। क्या स्थानीय अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहे इस मौत के खेल की उन्हें खबर नहीं या फिर ऊपर तक पहुंचने वाले चढ़ावे ने उनकी आंखों पर पट्टी बांध रखी है। शहर से लेकर देहात तक लोग पूछ रहे हैं कि वह करोड़ों का बजट डकारने वाला विभाग आखिर खुद अपनी पीठ क्यों नहीं थपथपा पा रहा। हर बार पड़ोसी राज्य की टीम ही यहाँ आकर सर्जिकल स्ट्राइक क्यों करती है। अगर यही हाल रहा, तो अमरोहा का स्वास्थ्य विभाग जल्द ही अपनी साख पूरी तरह खो देगा। अब देखना यह है कि इस फजीहत के बाद क्या अमरोहा के श्कुंभकरणश जागेंगे या फिर अगली रेड के लिए फिर से हरियाणा का ही इंतजार किया जायेगा।

# ग्राम समाज की भूमि पर लगे पेड़ों पर चला आरा

## महिला प्रधान, पति व ससुर के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के बुढ़नपुर गांव स्थित तालाब के पास ग्राम समाज की भूमि पर खड़े करीब 30 से 35 शीशम, नीम समेत अन्य 20 साल पुराने पेड़ों को अज्ञात माफिया द्वारा काटकर ले जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई।

ग्रामीणों के अनुसार तालाब के किनारे ग्राम समाज की भूमि पर वर्षों पुराने शीशम, नीम व अन्य पेड़ लगे हुए थे। आरोप है कि मंगलवार रात अज्ञात लोग पेड़ों को काटकर ट्रैक्टर-ट्राली से ले गए। बुधवार सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर पहुंचे तो वहां पेड़ों के कटे अवशेष पड़े मिले। सूचना गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।ग्रामीणों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान ग्राम प्रधान शायना के पति अरशद से भी पूछताछ की गई। लेकिन उन्होंने मामले की जानकारी होने से इंकार कर दिया।उधर, वन विभाग के दरोगा नेपाल सिंह से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने मामला राजस्व विभाग का बताते हुए कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया। ग्रामीणों का कहना है कि काटे गए पेड़ों की कीमत करीब चार से पांच लाख रुपये बताई जा रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हैद्यउपजिलाधिकारी सदर विभा श्रीवास्तव ने घटना की जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।वहीं ग्रामवासी देशराज सिंह, सतीश कुमार, शिवराज सिंह, प्रेमशंकर, गौरव, जोगेंद्र सिंह, करतार सिंह, चंद्रपाल सिंह समेत पूर्व प्रधान चमन सिंह ने थाने पहुंचकर ग्राम प्रधान शायना, उनके पति अरशद तथा प्रधान के ससुर रईस अहमद पर 30 से 35 हरे-भरे शीशम और नीम के पेड़ों को बेचने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना टांडा क्षेत्र के केशुनगली निवासी शाहेआलम पुत्र वहीद नोएडा में कारपेंटर का काम करते हैं। मंगलवार शाम वह बाइक से घर लौट रहे थे। जब उनकी बाइक हरियाना गांव के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में शाहेआलम गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना पर पहुंचे लोगों ने घायल को उपचार के लिए जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए। हालत गंभीर होने पर स्वजन घायल को बेहतर उपचार के लिए चौधरपुर गांव स्थित जीवन 24 अस्पताल ले गएद्य जहां उनका उपचार जारी है।

# डीएम ने धनौरा के ईओ को लगायी फटकार

## टैक्स वसूली में लापरवाही पर चेताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम ने टैक्स वसूली की धीमी प्रगति पर धनौरा के अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुए वसूली कार्य में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग बेहतर कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाने को कहा।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आरसी वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराई जाए तथा पुराने राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। डीएम ने कहा कि तहसीलदार समय सीमा निर्धारित कर आरसी का मिलान करें और विसंगतियों को दूर करते हुए वसूली में तेजी लाएं। उन्होंने विद्युत, वानिकी, मंडी समिति, बाट माप विभाग, सिंचाई, खनिज, स्टांप एवं निबंधन तथा वाणिज्य कर विभाग की कम वसूली पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप अभियान चलाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। नगर निकायों की समीक्षा के दौरान धनौरा क्षेत्र में टैक्स वसूली की प्रगति कम मिलने पर डीएम ने संबंधित अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुए वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अकीदत के साथ आज मनाई जाएगी ईद-उल-अजहा

## नमाज के बाद शुरू होगी सुन्नत-ए-इब्राहीमी की कुर्बानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ईद-उल-अजहा का त्योहार आज जिलेभर में अकीदत और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ेगी। नमाज के बाद सुन्नत-ए-इब्राहीमी की याद में कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा, जो 30 मई को असर की नमाज तक जारी रहेगा। त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में देर रात तक खरीदारी होती रही और लोगों ने कुर्बानी के जानवरों के साथ-साथ जरूरत का सामान भी खरीदा।

हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद में मनाए जाने वाले इस पर्व पर मुस्लिम समाज में धार्मिक माहौल बना हुआ है। शहर से लेकर देहात तक मस्जिदों और

**■ ईदगाह पर सात बजे अदा की जाएगी ईदुल अजहा की नमाज**

ईदगाहों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह सात बजे अदा की जाएगी। वहीं, उलमा ने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। त्योहार के मद्देनजर बाजारों में रौनक चरम पर रही। मसाले, मिठाई और अन्य जरूरत के सामान की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। वहीं कुर्बानी के जानवरों की खरीदारी भी बड़े पैमाने पर की गई। उधर, जिलहिज्जा की नौवीं तारीख से तकबीर-ए-तशरीक पढ़ी जाती है। यह सुन्नत-ए-मुहम्मदी मानी जाती है। प्रत्येक फर्ज नमाज के बाद बुलंद आवाज में तकबीर -ए-तशरीक पढ़ने का सिलसिला 13 जिलहिज्जा की असर की नमाज तक जारी रहेगा। महिलाओं को इसे धीमी आवाज में पढ़ने की हिदायत दी गई है।

### 80 हजार की कीमत तक में बिके बकरे

**गजरौला**। बकरीद पर कुर्बानी के लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर के साप्ताहिक पशु बाजार से बकरों की खरीदारी की। पिछली बार के मुकाबले आज बकरों के दाम काफी महंगे दिखाई दिए। बुधवार को 80 हजार तक की कीमत के बकरे की बिक्री हुई। बाजार काफी भारी रहा, इस कारण सड़क पर पशु लदे वाहनों की आवाजाही भी ज्यादा रही और काफी देर तक आंशिक जाम जैसे हालात बने रहे। न केवल अमरोहा बल्कि बिजनौर, हापुड़, मुरादाबाद, रामपुर तक के व्यापारी बकरे और अन्य पशुओं को बेचने के लिए साप्ताहिक पशु बाजार में पहुंचे थे।

### जमकर हुई पशुओं की खरीदारी



**अमरोहा।** ईद-उल-अजहा को लेकर शहर से लेकर देहात तक पशुओं की खरीदारी का सिलसिला दिनभर चलता रहा। पशु बाजारों और मंडियों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अपनी जरूरत और बजट के अनुसार बकरों समेत अन्य पशुओं की खरीदारी की। कई स्थानों पर अच्छे और आकर्षक पशुओं को लेकर खरीदारों में खासा उत्साह देखने को मिला। बाजारों में देर शाम तक चहल-पहल बनी रही। पशु विक्रेताओं ने भी अच्छी बिक्री होने की बात कही। वहीं बच्चों और युवाओं में भी कुर्बानी के पशुओं को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

# रकम लेकर भी दूसरे को कर दिया बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दो दुकान खरीदने के लिए पांच लोगों को लगभग 20 लाख रुपए दे दिए, लेकिन रुपए लेने के बाद भी बैनामा किसी और को कर दिया। अब यह लोग रकम लौटाने से भी इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**■ पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा**

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सुनपुरा कलां निवासी तालिब का आरोप है 06 दिसंबर 2024 को उसने ग्राम टोकरा पट्टी निवासी नईमुद्दीन, सिराजुद्दीन व फिरोज, गांव पपसरा खादर निवासी कासिम, और गजरौला के मौहल्ला बस्ती निवासी योगेंद्र सिंह से 24 लाख रुपए में दो दुकानें खरीदीं, जिसमें उसने लगभग 20 लाख रुपए नकद और चेक आदि के माध्यम से से दे दिए, लेकिन रुपए लेने के बाद भी आरोपियों ने दुकानों का बैनामा किसी और को कर दिया। अब यह लोग तालिब को रकम भी वापस नहीं कर रहे हैं। जब भी वह रकम मांगने जाता है तो उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# राजस्थान ने एसआर को 244 रन का टारगेट दिया

**हैदराबाद को पारी की दूसरी बाल पर झटका, सूर्यवंशी ने 97 रन की पारी खेली, क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा**

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए।

जवाब में हैदराबाद ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और ट्रैविस हेड क्रीज पर हैं। टीम को पारी की दूसरी ही बाल पर पहला झटका



लगा। जोफा आर्चर ने अभिषेक शर्मा को आउट कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। उन्होंने पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए। वैभव एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे, जबकि सूर्यवंशी इस सीजन 65 सिक्स जमा चुके हैं।

ध्रुव जुरेल ने अपनी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद ने शानदार वापसी करते हुए सिर्फ 5 रन दिए। नांद्रे बर्गर रन आउट हो गए, जबकि रवींद्र जडेजा आखिर तक 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 243/8 के स्कोर तक पहुंची। नीतीश रेड्डी ने शानदार ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए और जोफ्रा आर्चर का विकेट भी लिया। आर्चर लो फुलटॉस पर बड़ा शाट लगाने गए, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर गई जहां अभिषेक शर्मा ने बेहत. रीन कैच पकड़ लिया। दासुन शनाका ज्यादा देर टिक नहीं सके और 5 रन बनाकर आउट हो गए। ईशान मलिंगा की शार्ट गेंद पर बड़ा शाट लगाने की को. शिश में वह चूक गए और अभिषेक शर्मा ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में रियान पराग की पारी का अंत हो गया। चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर रहे पराग ने शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन हेनरिक क्लासन ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। प्रफुल हिंगे ने उन्हें 12 गेंदों में 26 रन पर आउट किया। ध्रुव जुरेल ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रफुल हिंगे ने उन्हें आउट कर दिया। जुरेल 21 गेंदों में 50 रन बनाकर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट हुए। 14 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 192/3 है। युवराज सिंह भी सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, बास बेबी ने दुनिया के दिग्गजों का रिकार्ड तोड़ दिया! यकीन करना मुश्किल है, इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। ध्रुव जुरेल ने पैट कमिंस के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। इस ओवर में 17 रन बने। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 168/2 हो गया है। 11वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 29 रन बनाकर आउट हो गए। शिवांग कुमार की गुगली पर जायसवाल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 97 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने प्रफुल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन आर स्मरण ने शानदार कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 65 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं।

खेल विशेष

## जानिक सिनर व कोको गॉफ ने जीत से की शुरुआत

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी जानिक सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर के खिलाफ पहले राउंड में 6-1, 6-3, 6-4 से शानदार जीत दर्ज करके यह साबित कर दिया कि वह इस साल का फ्रेंच ओपन जीतने के सबसे बड़े दावेदार क्यों हैं। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण बाहर होने और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के शानदार करियर के अंतिम पड़ाव पर होने के कारण, सिनर 2009 में रौलां गैरो में राफेल नडाल के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट (मेजर) में जीत के लिए सबसे बड़े दावेदार बन गए हैं। इस बीच पिछली महिला चैम्पियन कोको गॉफ ने अपने फ्रेंच ओपन टाइटल डिफेंस की रोमांचक शुरुआत में कई मुश्किलों का सामना किया, पहले राउंड में जीत हासिल करने से पहले उन्हें एक छोटा कार एक्सीडेंट और ड्रेस में खराबी जैसी समस्याओं से निपटना पड़ा।

## एलिस आयरलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में लॉरा डेलानी की जगह लेंगी

**डुबलिन (आयरलैंड), वार्ता।** अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है। डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं। डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है। 33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं। उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है। वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतर्राट्रीय पर्दापण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम ने भारत को 2.1 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारत महिला हॉकी टीम को चार मैचों की मैत्री सीरीज करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गए मुकाबले के पहले क्वार्टर में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारतीय टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षापंक्ति पहले हाफ में ज्यादातर समय मजबूत रहा और दूसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, दूसरे हाफ में मोमेंटम बदल गया जब ऑस्ट्रेलिया की एबी विल्सन ने दो पेनल्टी-कॉर्नर मौकों का फायदा उठाया।

# जीटी की ग्राउंड फीलि्डंग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी: गिल

**पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया**

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 92 रनों की करारी हार झेलने के बाद गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि ग्राउंड फीलि्डग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। पहले गें. दबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया।

सबसे अहम मौका कगिसो रबाडा ने 14वें ओवर में प्रसिद्ध कृणा के सामने बल्लेबाजी कर रहे रजत पाटीदार का गंवाया, उस समय पाटीदार 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर ही खेल रहे थे। 14 ओवर की समाप्ति के बाद आरसीबी का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 140 रन था जो कि धर्मशाला की हाई स्कोरिग पिच



को देखते हुए एक पार स्कोर था। इसके बाद पाटीदार ने आक्रमण शुरू किया और अंतिम छह ओवर में आरसीबी ने 114 रन बटोर लिए। पाटीदार ने 33 गेंदों पर नाबाद 93 रनों की पारी खेली। गिल ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें, 13वें ओवर तक हम अच्छी तरह आगे बढ़ रहे थे और मुझे नहीं लगता कि फीलि्डग उतनी अच्छी थी। हमने कुछ कैच छोड़े और फिर ग्राउंड फीलि्डग भी उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। जीटी की आधी टीम भी पावरप्ले में ही पवेलियन लौट गई थी और 51 के स्कोर पर उनके पांच विकेट गिर चुके थे। एक समय तो वह 88 पर आठ थे लेकिन राहुल तेवतिया के अर्धशतक की बदौलत वह 162 तक पहुंचने में सफल रहे। अंतिम ओवर में उनकी पारी सिमट गई। गिल ने कहा, दबाव भरी परिस्थितियों में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर आप इस ग्राउंड में पावरप्ले में अच्छा स्कोर करते हैं तो हमें पता है कि यहां गेंद ट्रैवल करती है और यहां की आउटफील्ड भी काफी तेज है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी, वैसी परिस्थिति में अगर एक अच्छा पावरप्ले जाता तो इस तरह के मैदान और परिस्थितियों में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

जीटी के पास फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका 29 मई को क्वालीफायर 2 में होगा जब वह न्यू चंडीगढ़ में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। अफगानिस्तान ने की भारत के साथ आगामी सीरीज के लिए टीम की घोाणा काबुल। अफगानिस्तान ने हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई में भारत के साथ आगामी टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोाणा कर दी है। यह टेस्ट मैच 2018 के बाद से भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली रेड-बॉल भिड़ंत होगी, जब अफगानिस्तान ने टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया था। अफगानिस्तान टेस्ट टीम में स्टार स्पिनर राशिद खान और बल्लेबाज इब्राहिम जदरान शामिल नहीं हैं, हालांकि दोनों खिलाड़ियों को भारत के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट टीम में नांग्याल खारोटी, बिलाल सामी और रहमानुल्लाह जदरान को पहली बार शामिल किया गया है, जबकि स्पिनर कैस अहमद सेटअप में वापस आ गए हैं। सेदिकुल्लाह अटल और अजमतुल्लाह ओमरजई को भी शामिल किया गया है, दोनों खिलाड़ियों ने अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला है, जो 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ था। इस बीच, भारत सीरीज के दोनों लेग के लिए अपनी टीम में जसप्रीत बुमराह की सर्विस नहीं लेगा। सीरीज छह जून को न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगी। अफगानिस्तान टेस्ट टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जदरान, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुदीन अशरफ, नांग्याल खारोताई, कैस अहमद, बिलाल सामी, जिया शरीफी, सलीम सफी अफगानिस्तान वनडे टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, नांग्याल खारोताई, एएम गजनफर, जिया यू रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल सामी।

# पर्पल कैप की रेस में अभी भी कर्गिसो रबाडा से आगे हैं भुवनेश्वर कुमार

**पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर व कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे**

**धर्मशाला, वार्ता।** क्वालिफायर-1 एकतरफा मुक. ाबला रहा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रन से रौंदकर आईपीएल 2026 के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। लेकिन मुकाबले के भीतर चल रही लड़ाइयों, खासकर ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में काफी रोमांच देखने को मिला। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार और कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग



में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे। मुकाबला खत्म होने तक दोनों के खाते में 26-26 विकेट हो गए। रबाडा ने पहले वार किया। उन्होंने दूसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और बाद में 17वें ओवर में क्रुणाल पंड्या को भी आउट किया। हालांकि, यह रात उनके लिए ज्यादा सुखद नहीं रही क्योंकि वह जीटी के सबसे महंगे गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने चार ओवर में 54 रन दिए और उनकी इकॉनमी 13-50 रही। भुवनेश्वर का दिन इससे कहीं बेहतर रहा। शुभमन गिल चौथे ओवर में उनका शिकार बने और फिर 19वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया को आउट कर 2/28 के आंकड़े के साथ मैच को खत्म किया। दोनों गेंदबाजों की इकॉनमी में अंतर कोई चौंकाने वाली बात नहीं थी। इस सीजन में भुवनेश्वर ने 8.00 की इकॉनमी से रन दिए हैं, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.48 रही है। यही वजह है कि पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के सिर पर है। बाकी गें. दबाजों में, जेसन होल्डर ने एक ही ओवर में विराट कोहली और देवदत्त पडि्क्कल को आउट कर दो विकेट लिए। इसके साथ ही वह सिर्फ नौ मैचों में इस सीजन में 15 विकेट तक पहुंच गए और फलिहाल 12वें स्थान पर आ गए हैं।

# युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**रोम, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदों के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पुरा युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में युकी भांबरी और उनके जोड़ी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस ने अर्जेंटीना के फांसिस्को सेरुंडोलो और मारियानो केस्टेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराकर रोलैंड गैरोस के अगले राउंड में जगह बनाई। पहला सेट 11वें अहम गेम तक सर्व पर रहा,

जब युकी भांबरी और माइकल वीनस ने अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ निर्णायक ब्रेक हासिल किया और फिर अगले गेम में सर्व बनाए रखते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। अपनी तरफ से मोमेंटम के साथ, युकी भांबरी और माइकल वीनस ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अर्जेंटीना की जोड़ी को फिर से ब्रेक किया और फिर एक घंटे 23 मिनट में मुकाबले को अपने नाम कर लिया। युकी भामरी फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल ड्रॉ का भी हिस्सा हैं। वह बुधवार को पहले राउंड में नीदरलैंड्स के डेविड पेल और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक से मुकाबला करने के लिए एलेक्जेंड्रा पनोवा के साथ पार्टनरशिप करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपियन एन श्रीराम बालाजी और उनके जोड़ीदार ब्राजील के मार्सेलो डेमोलिनर ने जर्मनी के कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और नीदरलैंड्स के तीन बार के ओलंपियन रॉबिन हासे को एक घंटे 46 मिनट में 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। एन श्रीराम बाला. जी और मार्सेलो डेमोलिनर ने अच्छी शुरुआत की, तीसरे गेम की शुरुआत में ही कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे की सर्विस तोड़कर ओपनिंग सेट पर कंट्रोल कर लिया। इंडो-ब्राजील की जोड़ी ने फिर नौवें गेम में अपना तीसरा सेट पॉइंट मौका बदलकर दूसरा ब्रेक हासिल किया और आगे बढ़ गए। कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे ने दूसरे सेट में सातवें गेम में बालाजी और डेमोलिनर की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, फिर अपनी सर्विस मजबूती से बनाए रखी और मुकाबला बराबर कर दिया और डिसाइडिग सेट में जगह पक्की कर ली। फैंटजेन और हासे डिसाइडिग सेट में शुरुआत में ही लड़खड़ा गए, दूसरे गेम में सर्विस गंवा दी और इंडो-ब्राजीलियन जोड़ी को ब्रेक का फायदा उठाकर मैच खत्म करने और दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिल गया। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन नई दिल्ली। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन हो गया है।

# सिनर और सबालेंका आगे बढ़े मेदवेदेव और पेगुला बाहर

**पेरिस, वार्ता।** पुरुषों और महिलाओं के शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जानिक सिनर और आर्यना सबालेंका 2026 फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में आसानी से पहुंच गए, जबकि दानिल मेदवेदेव और जेसिका पेगुला को पहले ही दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6.1, 6.3, 6.4 से आसानी से हरा दिया, जिससे उनकी जीत का सिलसिला 30 मैचों तक पहुंच गया। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद, यह इतालवी खिलाड़ी खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बन गया था। सिनर ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह





एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन रात के सत्र में टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है, इसलिए आप सभी का यहां रुकने के लिए धन्यवाद। इस बीच, छठी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा, जब ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड एडम वाल्टन ने उन्हें पांच सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में 6.2, 1.6, 6.1, 1.6, 6.4 से हरा दिया। सत्रह वर्ाीय फ्रेंच वाइल्डकार्ड मोइज कौमे ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 7.6 (4), 6.2, 6.1 से हराकर घरेलू दर्शकों में जबरदस्त उत्साह भर दिया।

# आरसीबी ने दिखाया नॉकआउट मैच में ऐसे प्रदर्शन की जरूरत होती है: कुंबले

**धर्मशाला, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालिफायर 1 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 92 रनों की जीत के साथ आईपीएल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्टार स्पोटर्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियो स्टार के एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने आरस. ीबी की शानदार जीत का विश्लोण किया और रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी पर बात की।

कुंबले ने आरसीबी की जीत का विश्लोण करते हुए कहा, टॉस हारने के बाद, आरसीबी ने बोर्ड पर 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करके अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। किसी भी मैच में इतने रन बनाना मुश्किल होता है, लेकिन प्लेऑफ में ऐसा करना असली हिम्मत दिखाता है। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों को फिर भी मैदान पर उतरकर अपना काम करना था। उन्होंने यह काम शानदार ढंग से किया, जिसमें रजत पाटीदार ने आगे बढ़कर कप्तानी की और



विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने भी अच्छा योगदान दिया।

कुंबले ने कहा कि जब आरसीबी गेंदबाजी करने उतरी, तो उन्होंने जीटी के ओपनर्स को जमने नहीं दिया। उन्होंने कसी हुई लाइन पर गें. दबाजी की, दबाव बनाए रखा, और साई सुदर्शन के दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने से उन्हें शुरुआती सफलता मिल गई। उस विकेट ने जीत के दरवाजे खोल दिए। वहां से, आरसीबी के गेंदबाजों ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया। यह शुरू से लेकर अंत तक एक बेहत. रीन प्रदर्शन था। गेंदबाजी, बल्लेबाजी, फीलि्डग - उस रात आरसीबी के लिए सब कुछ एकदम सही रहा। वे सिर्फ जीते ही नहीं, उन्होंने एक बयान दिया है। नॉकआउट मैच में आपको इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत होती है।

रजत पाटीदार की पारी और कप्तानी पर कुंबले ने कहा कि एक खिलाड़ी अपने साथियों का सम्मान तब कमाता है, जब वह बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। रजत पाटीदार ने ठीक यही किया है। यह पहला क्वालिफायर आरस. ीबी के लिए बहुत बड़ा मैच था। पहला क्वालिफायर जीतकर सीधे फाइनल में पहुंचने से आपको बहुत बड़ा फायदा मिलता है। तीन या चार दिन का आराम खिलाड़ियों को मान. सिक और शारीरिक रूप से ठीक होने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि पहला क्वालिफायर जीतने का यही एक बड़ा फायदा है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 28 मई 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# होर्मुज पर सहमति

क्या वाकई एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। अगर ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी की मानें, तो यह संभव लगता है। इस न्यूज एजेंसी ने अमेरिका ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है और अपनी नोसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा, इसके बदले में ईरान तीस दिनों के भीतर होर्मुज में व्यवसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। हालांकि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। इतना ही नहीं होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करने की बात रिपोर्ट में कही गई है, लेकिन साथ ही एजेंसी का यह भी कहना है कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना किसी ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। जहां तक बात अमेरिका की है, उसकी तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जाहिर है अभी जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, उन पर पेंच बराबर फंसा हुआ है। ईरान के बीच हाईली एनरिच्ड यूरेनियम प्रतिबंधों में राहत और फ्रीज ईरानी संपत्तियां जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी भी गतिरोध बना हुआ है। हां रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई है अगर 60 दिनों के अंदर समझौता हो जाता है तो इसको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव के रूप में मंजूरी दी जाएगी। जाहिर है अभी यह तो नहीं कहा जा सकता कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई महत्वपूर्ण समझौता हो गया है, लेकिन अगर ईरान कह रहा है कि होर्मुज को लेकर फिल्हाल बात हो रही है और उस पर लगभग समझौता हो गया है तो यह भी दुनिया के लिए एक बड़ी खबर है। लेकिन एक बात यहां यह भी साफ हो जाती है कि ईरान होर्मुज से अपना नियंत्रण छोड़ने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। अब आगे क्या होता है यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि दोनों ही पक्षों के बीच अविश्वास इतना गहरा है कि कब कौन पीछे हट जाए कहा नहीं जा सकता, विशेषकर अमेरिकी राष्ट्रपति के संबंध में तो यह बात पूरी तरह लागू होती है। फिल्हाल तसल्ली की बात यही है कि बातचीत सही दिशा की तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है।

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## छात्रों के लिए यह जीवन मरण का सवाल



देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है, देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले कॉमेडी हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं, मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती, हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है, एसएससी जीडी परीक्षा के एक केंद्र पर 800 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जबकि बैठने की व्यवस्था 250 छात्रों के लिए थी।

**-कन्हैया कुमार, प्रभारी, एनएसयूआई**

# सीबीएसई का डिजिटल प्रयोग बना छात्रों की सबसे बड़ी परीक्षा





**प्रो. आर.के. जैन**

जब सुधार के नाम पर व्यवस्था ही संकट बन जाए, तब शिक्षा तंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सीबीएसई ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली लागू की, जिसे पारदर्शिता और गति की दिशा में बड़ा कदम माना गया। उद्देश्य था निष्पक्ष और त्रुटिरहित मूल्यांकन, लेकिन वास्तविकता ने लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ दिया। धुंधली स्कैनिंग, गलत उत्तर पुस्तिकाओं का अपलोड, कई उत्तरों का बिना जांच छूटना और पोर्टल की तकनीकी विफलताओं ने वर्षों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया। नतीजतन पास प्रतिशत गिरकर 85.2 प्रतिशत पर आ गया, जो सात वर्षों का सबसे निचला स्तर रहा। कई मेधावी छात्र अचानक कम अंकों से स्तब्ध रह गए। यह केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि सपनों पर पड़ा गहरा आघात बन गया।

जहां शिक्षा सपनों को उड़ान देती है, वहीं डिजिटल अव्यवस्था ने हजारों छात्रों के भविष्य पर विराम लगा दिया। जेईई मेन पास करने वाले कई मेधावी छात्र ओएसएम की खामियों के कारण क्लास 12 में अपेक्षित अंक नहीं ला सके। कई मेधावी छात्र अपेक्षित अंकों (विशेषकर 75 प्रतिशत कट-ऑफ) से पीछे रह गए, जिससे एनआईटी/आईआईटी आदि में प्रवेश प्रभावित हुआ। फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश में अप्रत्याशित कम अंकों ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कोचिंग का खर्च, जागी रातें और सुनहरे सपने एक तकनीकी गड़बड़ी के आगे बिखरते दिखे। यह केवल रिजल्ट की भूल नहीं, बल्कि युवाओं के करियर और आत्मविश्वास पर गहरा आघात है।

जब एक गलती मार्कशीट से निकलकर मन तक पहुंच जाए, तब उसका असर सबसे भयावह हो जाता है। पूरी मेहनत और समर्पण से तैयारी करने वाले हजारों छात्र अचानक चिंता, निराशा और मानसिक दबाव में घिर गए। सोशल मीडिया पर उठते हमारी मेहनत क्यों बर्बाद? जैसे सवाल व्यवस्था की संवेदनहीनता उजागर करने लगे। कई विद्यार्थियों की नींद छिन गई, परिवार तनाव में डूब गए और कॉलेज एडमिशन की डेडलाइन ने युवाओं को टूटन के कगार पर पहुंचा दिया। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास जगाना है, न कि युवाओं को असुरक्षा में धकेलना। लेकिन सीबीएसई की लापरवाही ने हजारों घरों की शांति और भरोसा दोनों हिला दिए। डिजिटल गलती का यह प्रभाव अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घर-घर की बेचैनी बन गया। जब जांच की प्रक्रिया ही भरोसे के संकट में घिर जाए, तब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। जिन स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र स्वयं स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ पा रहे, उसी डिजिटल प्रारूप में निष्पक्ष री-इवैल्यूएशन कैसे संभव माना जाए? यही कारण है कि मैनुअल री-चेकिंग की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है। शिक्षक जब वास्तविक कॉपी देखकर जांच करते हैं, तब वे लिखावट, उत्तर की संरचना और सोच की क्रमबद्धता को बेहतर समझ पाते हैं। इसके विपरीत ओएसएम में धुंधली इमेज, सीमित .श्यता और स्क्रीन थकान के कारण कई सही उत्तर भी अनदेखे रह गए। यही कारण है कि प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग या पूर्ण समीक्षा की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है।

डिजिटल व्यवस्था की चमक उस समय बिखर गई, जब पोर्टल की खामियां छात्रों के लिए नई परेशानी बन गईं। उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने और री-इवैल्यूएशन के लिए छात्रों को घंटों पोर्टल पर जूझना पड़ा, लेकिन बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों ने पूरी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बना दिया। पेमेंट फेल होने के बावजूद राशि कट जाना, कैप्चा गायब होना और आवेदन 'पेंडिंग' रहना जैसी समस्याओं ने तनाव कई गुना बढ़ा दिया। कई छात्रों को आर्थिक नुकसान झेलने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी और अनिश्चित बनी रही। सीबीएसई द्वारा फीस कम करना और डेडलाइन बढ़ाना राहत जरूर है, पर यह केवल अस्थाई उपाय है। असली संकट कमजोर डिजिटल ढांचे का है। तकनीक तभी वरदान बनती है, जब उसकी नींव मजबूत, सुरक्षित और भरोसेमंद होय अन्यथा वही सुविधा शिक्षा पर अतिरिक्त बोझ बन जाती है। एक तकनीकी गलती छात्रों की प्रतिभा तय नहीं कर सकती, लेकिन उसने सीबीएसई की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओएसएम की खामियों ने साफ कर दिया कि चूक प्रणाली की है, छात्रों की मेहनत की नहीं। जेईई मेन जैसी कठिन परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों की योग्यता किसी पोर्टल त्रुटि से कम नहीं हो जाती। ऐसे समय में छात्रों को अपना आत्मविश्वास और तैयारी बनाए रखनी चाहिए। नए कौशल और वैकल्पिक अवसर आगे की राह मजबूत करेंगे। सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि संघर्ष और धैर्य से तय होती है। यह संकट छात्रों का नहीं, बल्कि सीबीएसई की डिजिटल व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया है। अब जिम्मेदारी सीबीएसई और नीति-निर्माताओं की है। शिक्षा व्यवस्था में भरोसा लौटाना है, तो केवल सफाई नहीं, ठोस सुधार जरूरी हैं। आई-आई-टी जैसे संस्थानों की मदद से ओएसएम प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है। प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग तुरंत शुरू होनी चाहिए। जब डिजिटल मूल्यांकन पर इतने सवाल उठ चुके हैं, तो पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। शिक्षा मंत्री ने रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अब जरूरत निर्णायक कार्रवाई की है। छात्रों की आवाज आज शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता की सबसे बड़ी परीक्षा बन चुकी है। जब एक तकनीकी व्यवस्था लाखों सपनों को संदेह में डाल दे, तब यह केवल रिजल्ट की गड़बड़ी नहीं रह जाती, बल्कि पूरी डिजिटल शिक्षा प्रणाली पर सवाल बन जाती है। जब लाखों छात्र एक साथ प्रभावित हों, तब चुप्पी समाधान नहीं बन सकती। यदि सीबीएसई छात्र हित को केंद्र में रखकर मैनुअल री-चेकिंग और तकनीकी सुधार लागू करे, तो खोया भरोसा लौट सकता है। अब बोर्ड को स्वनिर्णय लेते हुए पूरे परिणाम की निष्पक्ष मैनुअल समीक्षा करानी चाहिए। छात्रों को भी अपनी मेहनत और संघर्ष पर विश्वास बनाए रखना होगा। यह कठिन दौर बीत जाएगा, प्रणाली सुधरेगी, लेकिन युवाओं की लगन ही देश का असली भविष्य तय करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# अनोखे बीटल्स जो आपको खुशबू से ठगते हैं

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सोचने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**

छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सोचने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।



जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरोपियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं। उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्राय: फूलों में पाए जाते हैं।

जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना। शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

**-स्रोत फीचर्स**

# एक मंच पर आने की रणनीति बना रहीं नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां



**यशोदा श्रीवास्तव**

भारत के पांच प्रदेशों में हुए चुनाव परिणाम का असर नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों पर पड़ा है। पश्चिम बंगाल जो कभी कम्युनिस्ट का न केवल गढ़ था, वहां लंबे समय तक कम्युनिस्ट की सरकार रही है, इस चुनाव में तो उसका नामलेवा तक कोई नहीं बचा। जबकि एक वक्त था जब बंगाल में लगातार 12 वर्षों तक उसकी सरकार रही है।त्रिपुरा में कम्युनिस्ट अब नहीं है। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से उसका सफाया हो गया। ले दे कर एक केरलम था जहां कम्युनिस्ट की सरकार बची हुई थी। इस चुनाव में यहां से भी उसका सफाया हो गया।

भारत के इन चुनाव परिणामों से नेपाल के कम्युनिस्ट दलों में बौखलाहट स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी रूप में नेपाली कम्युनिस्ट दलों को भारत के कम्युनिस्ट पार्टियों से खाद पानी मिलता रहता था। नेपाल के कम्युनिस्ट दलों की चिंता यह है कि एक तो नेपाल में भी वे कमजोर हो गए दूसरे उनकी हौसला अफजाई करने वाले भारत के कम्युनिस्ट दल भी हासिए पर आ गए। भारत में कम्युनिस्ट पार्टियों का हश्र देख नेपाल के प्रमुख कम्युनिस्ट नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा को बचाने की कोशिशों में जुट गए हैं। उन्होंने टुकड़ों में बंटे कम्युनिस्ट दलों को एक मंच पर आने की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया से कम्युनिस्ट विचारधारा को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। इसे समझना होगा वरना हम सब मारे जाएंगे।

पिछले दिनों काठमांडू में 26 वें निर्मल लामा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए प्रचंड ने कहा कि देश के भीतरी और बाहरी प्रतिक्रियावादी ताकतें नेपाल के कम्युनिस्ट आंदोलन को नेस्तनाबूद करने की साजिश में लगी हुई है। ऐसा कहकर प्रचंड ने नेपाल की राजनीति में एक नई बहस की शुरूआत कर दी है। प्रचंड ने भारत का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि यदि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों ने इस वास्तविकता को स्वीकार कर आत्ममंथन नहीं किया, तो यह श्रमिक वर्ग और उनकी आकांक्षाओं के साथ अन्याय होगा। प्रचंड ने श्रमिक वर्ग का जिक्र इसलिए किया ताकि इसका संदेश विश्व स्तरीय हो।

उन्होंने कहा, कम्युनिस्ट आंदोलन को नेपाल से समाप्त करने के लिए देशी-विदेशी प्रतिक्रियावादी शक्तियां बड़े डिजाइन के तहत काम कर रही हैं। यदि हम इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते, तो हम जान-बूझकर या अनजाने में श्रमजीवी वर्ग के साथ विश्वासघात करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों को सबसे पहले अपने भीतर आत्मसमीक्षा करनी चाहिए और अपनी कमजोरियों को सुधारना चाहिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि सभी कम्युनिस्ट शक्तियां एकजुट होकर नए ढंग से आंदोलन को आगे बढ़ाएं। प्रचंड ने साफ कहा कि नेपाली जनता भी चाहती है कि सभी कम्युनिस्ट दल एकजुट होकर देश के राजनीतिक भविष्य को आगे बढ़ाएं। प्रचंड का यह विचार सामने आते ही विभिन्न धड़ों में बंटे हुए कम्युनिस्ट दलों के एक मंच पर आने की संभावना को लेकर बहस छिड़ गई है। बताने की जरूरत नहीं कि नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा राजशाही के जमाने से ही काफी मजबूत रही है। एक बार नेपाली कांग्रेस के स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के समर्थन से बनी प्रखर कम्युनिस्ट नेता स्वर्गीय मनमोहन अधिकारी के नौ महीने के शासन को आज भी याद किया जाता है। वहीं राजशाही खत्म होने के बाद सत्ता में प्रचंड के नेतृत्व में आई पहली कम्युनिस्ट सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रही। प्रचंड को नौ महीने में ही सरकार छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद आते जाते रहे सभी कम्युनिस्ट सरकारों का कार्यकाल बेहतर नहीं रहा। कभी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी सरकार में आई तो कभी कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थन से नेपाली कांग्रेस सत्ता में आती रही,सभी के सभी जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने में कामयाब नहीं रहे। यही वजह है कि नाराज जनता ने एक दम नई पार्टी ष्जिसे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नाम से जाना जाता है ष को भारी बहुमत से सत्ता सौंप दी जिसके प्रधानमंत्री हैं काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह। बालेन शाह का अभी तक जो कार्यकाल है,वह बहुत परिवर्तन कारी नहीं दिख रहा। नेपाल के एक राजनीतिक टिप्पणीकार ने क्या खूब कहा कि बालेन शाह नेपाल को एक नगर-निगम की भांति चला रहे हैं। नेपाल में लगभग गुम हो गई कम्युनिस्ट पार्टियां क्या फिर वापसी कर पाएंगी, इस बाबत कोई दावा नहीं किया जा सकता लेकिन नेपाल की जनता के मूड का भी कोई भरोसा नहीं। जब वह नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों को एक झटके में खारिज कर सकती तो बालेन शाह क्या हैं? बतौर प्रधानमंत्री जब बालेन शाह के अबतक कार्यकाल की समीक्षा करें तो इसमें आम जनता के लिए कुछ खाश नहीं है। सुकंबासी कहे जाने वाले एक बड़े वर्ग के घरों को उजाड़ कर उन्हें नाराज कर दिया गया है। ऐसे लोगों की आबादी करीब 20 लाख है। ए लोग कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाली कांग्रेस के वोटर हुआ करते थे। सुकंबासी परिवारों का कोई न कोई सदस्य अमेरिका और अन्य देशों में रोजगार के सिलसिले में रहता है। इन सदस्यों के कहने पर इस बार सुकंबासियों का वोट राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को झूम कर मिला। फिलहाल बहुत कम समय में ही इस समुदाय का मोह बालेन शाह सरकार से भंग हो गया, ऐसा जान पड़ रहा है। नेपाल के आर्थिक समृद्धि में मारवाड़ी समाज का भी योगदान कम नहीं है। पूरे नेपाल में इनकी भी आबादी लाखों में है। ए नेपाल के हर क्षेत्र में फैले हुए हैं। वीरगंज में इस समुदाय के लोगों का भी घर उजाड़ दिया गया है। इससे पूरे नेपाल के मारवाड़ी समुदाय सरकार से खफा है। भारत नेपाल सीमा पर सामानों की खरीदारी पर सख्त प्रतिबंध से नेपाल के तराई वासी भी बालेन सरकार से नाराज हो गए। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवारों को तराई वासियों ने भर भर कर वोट दिया था।

नेपाल उच्च न्यायालय ने बालेन सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी है लेकिन राजनीतिक रूप से बालेन शाह का नुकसान तो हुआ ही। बालेन सरकार के इन फैसलों का विरोध नेपाली कांग्रेस ने भी किया और कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी। बालेन सरकार के हर उस कदम पर विपक्ष खासकर कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर है जो जनता के माफिक न हो। नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर बालेन सरकार के विदेश नीति पर भी और राजदूतों की संभावित नियुक्तियों पर भी टिकी हुई है।बालेन शाह की सरकार कई अंतर्राष्ट्रीय विषयों को लेकर कंफ्यूज दिख रही है। पिछले दिनों उन्होंने अमेरिका से आए ट्रंप के खास दूत से मुलाकात नहीं की और अभी हाल ही भारत के विशेष दूत विक्रम मिसरी से भी वे नहीं मिले। दोनों बड़े देशों के सरकारों की ओर से भेजे गए विशेष दूतों से न मिलने का कारणों पर भी कम्युनिस्ट दलों की बारीक नजर है। पहले की सरकारों में नेपाल भारत और चीन के करीब रहा है। अब यहां अमेरिका हावी होता हुआ दिख रहा है। बालेन शाह बतौर प्रधानमंत्री अभी किसी देश के दौरे पर नहीं गए हैं। 11 मई को उनका भारत दौरा प्रस्तावित था जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां उनके विदेशी दौरे की प्राथमिकता पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। कुल मिलाकर नेपाल के राजनीति में यह देखा जा रहा है कि 2026 के चुनाव में हासिए पर आ आ गई नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां एक ओर जहां अंदरखाने एक मंच पर आने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है वहीं बालेन सरकार के आंतरिक और विदेशी नीतियों पर खामोशी से नजर गड़ाए हुए हैं। नेपाल राजनीति को अंदर तक समझने वाले विश्लेषकों का कहना है कि नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां यदि एक मंच पर आने में कामयाब हो गई तो अभी भले नहीं, आने वाले दिनों में बालेन शाह सरकार के समक्ष बड़ी चुनौती पेश कर पाने में सफल जरूर होंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# लेबनान में इजरायली सेना की बमबारी, 31 की मौत

## अमेरिकी मध्यस्थता में युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद अब तक की सबसे भारी बमबारी

**अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं**

**बेरुत।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबारी में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है।


ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले 'ब्यूफोर्ट कैसल' के आस-पास के इलाकों में किए गए हैं। हवाई हमलों के अलावा इजरायल के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है। इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया। इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि कुछ हमले ब्यूफोर्ट कैसल के करीब हुए हैं। यूनेस्को ने करीब 900 साल पुराने इस किले को इस इलाके में 'मध्ययुगीन किलों के सबसे सुरक्षित बचे हुए उदाहरणों में से एक' के रूप में मान्यता दी है। ईरान युद्ध के 89वें दिन इजरायल के हमलों में काफी तेजी आई है।










### अमेरिकी सीनेटर ने ईरान युद्ध को लेकर ट्रम्प पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रम्प पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नए अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब एक तरफ बातचीत की रफ्तार बेहद धीमी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका ने सोमवार को दक्षिणी ईरान पर नए हमले किए हैं।




### अफ्रीकी देशों से अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

**बेंगलुरु।** अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कार्पोरेशन के अधिकारी डा. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है। वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे।

